डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 143 पेज: 8 जयपुर, गुरुवार, 01 मई 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## कॉमनवेल्थ घोटाला

## ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी

### कोर्ट ने कहा-मनी लॉन्ड्रिंग का अब तक कोई सबूत नहीं मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा-ईडी की जांच में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सबूत नहीं मिला। इसलिए इस मामले को और आगे बढ़ाने का कोई भी कारण नहीं है। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने कहा कि ईडी ने सीबीआई के भ्रष्टाचार वाले केस के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू



की थी। लेकिन सीबीआई पहले ही भ्रष्टाचार के मामले में सभी आरोपियों को बरी कर चुकी है। साथ ही ईडी की जांच में भी अपराध का कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने सभी आरोपियों की जांच को समाप्त किया कोर्ट ने पूर्व कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाड़ी, महासचिव ललित भनोट और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच को समाप्त कर दिया। इसी के साथ 15 साल पुराना घोटाला केस समाप्त हो गया। भ्रष्टाचार का सबूत नहीं मिलने पर सीबीआई ने 2014 में क्लोजर रिपोर्ट लगाई थी कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन अक्टूबर 2010 में हुआ था। तमाम आरोपों और रिपोर्ट के बाद सीबीआई ने एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज किए।

## जल रहे हैं जैसलमेर-बाड़मेर | राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी

### 46 डिग्री पार पहुंचा पारा, यूपी-एमपी में बारिश से मिली राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था। यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी।

1 मई से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में आज बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी



जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है। मौसम विभाग ने बिहार और छत्तीसगढ़ में बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रति घंटा हो सकती है। बिहार के 15 जिलों में यलो अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में सोमवार को कई जिलों में आंधी और बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के बाद तापमान 7.3 डिग्री तक कम हो गया है। केरल, कर्नाटक, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भी भारी बारिश की चेतावनी है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में काल बैसाखी का मौसम चल रहा है। काल बैसाखी के दौरान भयंकर तूफान, बिजली और गरज के साथ बारिश



होती है। सिक्किम में पर्यटकों के आवाजाही के लिए नया समय जारी सिक्किम में लगातार बारिश और लैंड स्लाइड की घटनाओं के बाद मंगन जिले में एसपी ऑफिस की तरफ से पर्यटकों के वाहनों की आवाजाही के लिए नया समय जारी किया गया है। 30 अप्रैल से गंगटोक से मंगन या चुंगथांग की ओर जाने वाले पर्यटक वाहनों को संकालंग या फिदांग बेली ब्रिज के होते हुए जाएंगे।

## जामा मस्जिद घटना पर मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के जौहरी बाज़ार स्थित जामा मस्जिद में बीते 25 अप्रैल की रात को हुई घटना को लेकर मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में मुलाक्कत की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फेडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को मस्जिद परिसर में हुई घटना की पूरी जानकारी दी और बताया कि इस घटना से समुदाय में बेचैनी और असुरक्षा का माहौल बना है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि घटना को लेकर माणक चौक थाने में 26 अप्रैल को ए फ आ ई आ र दर्ज कराई जा चुकी है और अब ज़रूरत है कि जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई हो। राज्यपाल बागडे ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी, ज्ञापन का अवलोकन किया और आश्वासन दिया



कि वे इस विषय में मुख्यमंत्री से बात करेंगे और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में हाजी निज़ामुद्दीन, हाजी यासीन ख़ान कायमखानी, आदिल ख़ान और मैमूना नर्गिस शामिल थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर ऐक्शन

- गुजरात हाईकोर्ट ने भी स्टे की याचिका ठुकराई, सरकार बोली-चार बांग्लादेशी अलकायदा से जुड़े



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर ऐक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी, साइबर क्राइम और एसआरपी की टीमें इलाके में तैनात हैं। गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे की याचिका खारिज की हाईकोर्ट में इस मेगा डिमॉलिशन पर स्टे लगाने की याचिका दाखिल की गई थी।

## मोहाली के एएपी नेता की बेटी की कनाडा में मौत

### 4 दिन से लापता वंशिका का शव समंदर किनारे मिला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मोहाली के डेराबस्सी की एक लड़की की कनाडा में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, डेराबस्सी की वंशिका कनाडा में पढ़ाई करती थी। साथ ही, पार्ट टाइम जॉब भी करती थी। 22 अप्रैल को वह लापता हो गई थी, बाद में उसका शव समंदर किनारे मिला। वंशिका के पिता दविंदर सैनी आम आदमी पार्टी के नेता हैं। उन्होंने बेटी



की हत्या का शक जाहिर किया है। वंशिका के परिवार ने केंद्र सरकार से उसकी बॉडी जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। कनाडा में पढ़ाई कर रही 21 साल की वंशिका ने 18 अप्रैल को अपनी फाइनल परीक्षा दी थी। 22 अप्रैल को वह काम पर गई, फिर वापस नहीं लौटी। 25 अप्रैल को दोस्तों ने घर जाकर देखा तो पता चला कि वह काम से नहीं लौटी है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

### पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। बेंच ने कहा- व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की



पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। याचिका में रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश दिए देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वॉट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे।

## 2028 तक पूरा होगा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया बड़ा ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुलेट ट्रेन को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के 2028 के अंत तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने महाराष्ट्र विधान परिषद को संबोधित करते हुए इस बारे में जानकारी दी। फडणवीस ने गुजरात में हो रही प्रगति पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने पिछली महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान हुई देरी की ओर भी इशारा किया। इस परियोजना का लक्ष्य भारत में तेज गति वाली रेल यात्रा को शुरू करना है। यह परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को कम कर देगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जापान के सहयोग से बन रही 15 अरब डॉलर की लागत वाली मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम 2028 तक पूरा हो जाएगा।

## बिहार में अब 'ऐक्शन' में नीतिश कुमार की पुलिस

- गोपालगंज में ताबड़तोड़ 'हाफ एनकाउंटर', अपराधियों को मारी गोली

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के गोपालगंज में पुलिस और अपराधियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ हुईं। पहली मुठभेड़ गैंगरेप के आरोपियों के साथ हुई, जिसमें तीन आरोपी घायल हो गए। दूसरी मुठभेड़ रंगदारी मांगने आए अपराधियों के साथ हुई, जिसमें एक अपराधी को गोली लगी और एक भाग गया।

पुलिस ने दोनों मामलों में अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। नीतीश कुमार की पुलिस ने यह कार्रवाई यूपी पुलिस के तर्ज पर की है। दरअसल, पहली मुठभेड़ कुचायकोट के जलालपुर इलाके में हुई। यहां पुलिस ने गैंगरेप के आरोपियों को



पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। आरोप है कि इन तीनों लड़कों ने मिलकर उत्तर प्रदेश की एक लड़की का अपहरण किया और उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस के अनुसार, तमकुही के कठकुइया की रहने वाली एक लड़की अपने पिता के साथ गोपालगंज इलाज के लिए आई थी। तीन लड़कों ने लड़की का अपहरण कर लिया।

- **रंगदारी मांगने आए अपराधियों से पुलिस की मुठभेड़-** वहीं, दूसरी घटना मीरगंज के सवरेजी गांव में हुई। यहां ज्वेलरी व्यवसायी से रंगदारी मांगने आए अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई।

इस मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी, जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मीरगंज के रहने वाले ज्वेलरी व्यवसायी प्रवीण सोनी से अज्ञात नंबर से फोन कर पांच लाख रुपए रंगदारी की मांग की गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## हरियाणा में आइसक्रीम बेच रहे पाकिस्तान के पूर्व सांसद

- टूरिस्ट वीजा पर भारत आए, फिर यहीं के हो कर रह गए
- पाकिस्तानियों को देश छोड़ने के आदेश के बाद सुर्खियों में

**फतेहाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो की सरकार में सांसद रहे दिवाया राम हरियाणा के फतेहाबाद में आइसक्रीम बेच रहे हैं। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से परेशान होकर उनका परिवार 25 साल पहले टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान से भारत आया था। उनके परिवार में 30 सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, जबकि बाकी लोगों ने आवेदन किया हुआ है। हम भारत में ही रहकर बाकी जीवन जीना चाहते हैं। अगर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने का मौका मिला तो मैं सबसे पहले हथियार उठाऊंगा। वहीं फतेहाबाद के एसपी सिद्धार्थ जैन का कहना है कि जिले में कुछ लोग पाकिस्तान से आकर रह रहे हैं। इन्होंने नागरिकता संशोधन कानून आने के बाद भारत की नागरिकता के लिए आवेदन किया हुआ है। आवेदनों की जांच कर रही है। नियम के तहत फिलहाल किसी को पाकिस्तान नहीं भेजा जाएगा।

**अत्याचार से परेशान होकर इस्तीफा दिया-** दिवाया राम बताते हैं कि पाकिस्तान की संसद में




अल्पसंख्यकों के लिए कुछ पद आरक्षित होते हैं। इसी कारण 1989 में उन्हें सांसद बनाया गया, लेकिन सांसद बनने के बाद, वहां के दबंग लोगों ने एक लड़की को उठा लिया। सत्ता में होने के बावजूद वे कुछ नहीं कर पाए। इस घटना से परेशान होकर उन्होंने कुछ ही दिनों में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पाकिस्तान में आए दिन अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे थे। ऐसे में दिवाया राम ने 2000 में अपने परिवार को लेकर भारत में बसने का निर्णय लिया।

### पाकिस्तान में दादा की 25 एकड़ जमीन

दिवाया राम ने बताया कि उनके दादा की पाकिस्तान में अब भी 25 एकड़ जमीन है। यह जमीन पाकिस्तान के बखर जिले की दरियापुर तहसील के पंचगिरेह क्षेत्र में स्थित है। भारत में रहने के कारण उनके परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्र भारत के बन चुके हैं। जल्द ही उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने की उम्मीद है। दिवाया राम का चचेरा भाई ओमप्रकाश भी अपने पिता सोना राम, 3 भाइयों और अन्य परिवार के सदस्यों के साथ 2006 में पाकिस्तान से रतिया आ गया था। भारत आने के 3 साल बाद, 2009 में, ओमप्रकाश की शादी उस समय के विधायक ज्ञानचंद ओढ़ी के नजदीकी रिश्तेदार के घर सरदारेवाला गांव में हुई। उनके 2 अन्य भाइयों की शादी भी फतेहाबाद जिले में हुई। ओमप्रकाश ने बताया कि उनके परिवार के 6 सदस्यों को भारतीय नागरिकता मिल चुकी है। परिवार के अन्य सदस्यों के दस्तावेज भी भारत सरकार के पास भेजे गए हैं।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## चीन की चाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है।


**कमजोर भाषा:** पहलगाम पर UNSC के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया।

**दोहरा रवैया:** आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता।

**वीगर मुस्लिमों का मसला:** ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है।

**कमजोर पड़ता पाकिस्तान:** भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव - चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# सीमा हैदर जैसों के साथ क्या करेगी सरकार




पहलगाम हमले के बाद भारत ने जो 5 पॉइंट एक्शन लागू किया, उसमें एक अहम फैसला था- पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करना। ज्यादातर वीजा धारकों के देश छोड़ने के लिए आज यानी 27 अप्रैल की डेडलाइन रखी गई है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी सभी मुख्यमंत्रियों से कह दिया है कि अपने राज्य में पाकिस्तानियों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें। भारत की नेशनल सिक्योरिटी पर फैसला लेने वाली सबसे बड़ी बॉडी कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने पाकिस्तान से जुड़े 5 बड़े फैसले लिए। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों का इंडियन वीजा रद्द करना भी शामिल था।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 23 अप्रैल को बताया था कि पाकिस्तानी नागरिकों के 14 कैटेगरी के वीजा रद्द किए जाएंगे। 13 कैटेगरी के वीजाधारकों को 25 अप्रैल तक भारत छोड़ना होगा। हालांकि इसे 2 दिन बढ़ा दिया गया। यानी आज इन लोगों को हर हाल में भारत छोड़ना होगा।

**SAARC वीजा:** 1992 में SAARC वीजा छूट स्कीम शुरू हुई, ताकि बार-बार वीजा प्रोसेस की जरूरत न पड़े। इनमें जज, खिलाड़ी जैसे हाई-प्रोफाइल लोग शामिल होते हैं। इनमें आम नागरिक शामिल नहीं हैं।

**बिजनेस वीजा:** भारत में बिजनेस के लिए आने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए।

**विजिटर वीजा:** परिवार या रिश्तेदारों से मिलने के लिए जारी किए जाते हैं।

**जर्नलिस्ट वीजा:** न्यूज एजेंसी, मीडिया और पत्रकारिता से जुड़े लोगों के लिए।

**कॉन्फ्रेंस वीजा:** सेमिनार या सम्मेलनों में हिस्सा लेने के लिए।

**ट्रांजिट वीजा:** भारत के रास्ते तीसरे देश जाने के लिए।

**ग्रुप टूरिस्ट वीजा:** पाकिस्तानी पर्यटकों के ग्रुप को भारत में घूमने के लिए।

**माउंटेनियरिंग वीजा:** भारत में माउंटेन ट्रैकिंग के लिए आने वाले विदेशियों के लिए।

**फिल्म वीजा:** भारत में फिल्म, टीवी शो या सिनेमैटिक एक्टिविटी के लिए।

**स्टूडेंट वीजा:** यह भारत में पढ़ाई करने के लिए विदेशी छात्रों को दिया जाता है।

**पिलग्रिम और ग्रुप पिलग्रिम वीजा:** किसी एक पाकिस्तानी नागरिक या ग्रुप को भारत में तीर्थयात्रा करने के लिए।

**वीजा ऑन अराइवल:** यह वीजा भारत में आने पर ही मिल जाता है। हालांकि पाकिस्तान के लिए वीजा ऑन अराइवल पर पाबंदी है।

भारत सरकार पाकिस्तानी नागरिकों को इलाज के लिए मेडिकल वीजा जारी करती है। एक मरीज के साथ मैक्सिमम 2 अटेंडेंट्स या परिजनों की एंट्री होती है। इन्हें भी देश छोड़ने के लिए 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है।

मानवीय आधार पर इन नागरिकों को अन्य वीजा होल्डर्स की तुलना में 2 दिन ज्यादा दिए, ताकि वे अपना इलाज पूरा कर सकें और सुरक्षित वापस जा सकें। मेडिकल वीजा धारकों को अपने इलाज के दस्तावेज तैयार रखने को कहा गया है, ताकि जांच के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

इसके अलावा नई दिल्ली में पाकिस्तानी हाई कमीशन के डिफेंस, नेवी और एयरफोर्स के डिप्लोमैट्स को 'अन वॉन्टेड पर्सन' घोषित किया गया। इन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ना होगा।

भारत सरकार ने फिलहाल लॉन्ग टर्म वीजा (LTV) धारक पाकिस्तानी नागरिकों को आदेश से बाहर रखा है। LTV उन पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों (विशेष रूप से हिंदुओं) को दिए जाते हैं, जो पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत में हमेशा के लिए रहना चाहते हैं।

लॉन्ग टर्म वीजा के तहत भारत सरकार आमतौर पर उन लोगों को शरण देती है, जो अपने देश में सुरक्षित नहीं है। LTV होल्डर्स भारत में लंबे समय तक रह सकते हैं और नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनमें ज्यादातर पाकिस्तानी हिंदू शामिल होते हैं, जो राजस्थान, गुजरात और दिल्ली जैसे राज्यों में बसे हैं। सितंबर 2024 में गृह मंत्रालय ने 145 पाकिस्तानी हिंदुओं को LTV दिया था।

इसके अलावा पाकिस्तान के डिप्लोमैट्स या काउंसलर इस आदेश से बाहर हैं। इन अधिकारियों को इंटरनेशनल डिप्लोमेटिक प्रोटोकॉल के तहत किसी अन्य देश में नियुक्त किया जाता है। इनके लिए भारत छोड़ने की समय-सीमा अलग से तय की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील अश्विनी दुबे कहते हैं, 'भारत सरकार ने जिन पाकिस्तानी नागरिकों को देश से जाने के लिए कहा है, अगर वह आदेश का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें 'गैर-कानूनी विदेशी' माना जाएगा। ऐसे पाकिस्तानी नागरिक नए इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत अपराधी माने जाएंगे। इन्हें 1 से 5 साल तक जेल या 10 से 50 हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। सजा पूरी करने के बाद भारत सरकार उन्हें पाकिस्तान डिपोर्ट कर देगी।'

भारत में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 विदेशी नागरिकों के आने, रहने और जाने को कंट्रोल करता है। इसका मकसद देश की सुरक्षा को बनाए रखना और जासूसी और तस्करी जैसे कामों को रोकना है। नए कानून को 4 पुराने कानूनों से रिप्लेस किया गया-

फॉरेनर्स एक्ट, 1946

पासपोर्ट (एंट्री इनटू इंडिया) एक्ट, 1920

रजिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेनर्स एक्ट, 1939

इमिग्रेशन (कैरियर्स लायबिलिटी) एक्ट, 2000

इसके तहत वह व्यक्ति 'विदेशी' है, जो भारत का नागरिक नहीं है। इसमें पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं। अगर कोई पाकिस्तानी नागरिक वैध वीजा के बिना या वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रहता है, तो वह 'गैरकानूनी विदेशी' माना जाता है।

इस कानून के तहत अगर कोई विदेशी कानून का उल्लंघन करता है तो उसे अधिकतम 5 साल तक जेल और 10 हजार से 50 हजार रुपए तक जुर्माना हो सकता है। सजा पूरी करने के बाद अपराधी को देश से निकाल दिया जाता है और भारत में हमेशा के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील ए.पी. सिंह कहते हैं, 'सीमा हैदर भारतीय हैं, वो भारतीय मीणा की मां है। भारत में उनका पति है, ससुराल है और यहीं शादी हुई है। उन्होंने अपना धर्म भी बदल लिया है। वे सनातन धर्म के रीति-रिवाज और परंपराओं के अनुसार रह रही हैं। ऐसे में उनका पाकिस्तान जाने का कोई सवाल पैदा नहीं होता।'

ए.पी. सिंह ने कहते हैं, 'सीमा हैदर का मामला अलग है, क्योंकि वे बिना वीजा के भारत आई थीं। सीमा नेपाल के रास्ते भारत आईं और हिंदू धर्म अपनाकर नेपाल में सचिन के साथ शादी की। फिर भारत आकर यहां शादी की। वे अपने सारे डॉक्यूमेंट्स भारत सरकार, गृह मंत्रालय और ATS को सौंप चुकी हैं। सीमा ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन दिया है, जिस पर राष्ट्रपति की मुहर लगना बाकी है। कोर्ट के आदेश पर वे रबूपुरा में रह रही हैं और अदालत के आदेश का पालन कर रही हैं।'

## कूटनीति

विवेक शुक्ला



## जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो




संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित

प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबसे पहले इन दुष्ट दानवों की लगाम कसी जाए

पहलगाम में आतंकियों के इस अत्यंत ही जघन्य, कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दुख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है। दुनिया भलीभांति जानती है कि भारत विश्वशांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक पाकिस्तान अगर ऐसे कायरता के दुषकार्य करता रहेगा, तो भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थाई समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है। मानवता और विश्वशांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टो, दानवों को तुरंत ही धर दबोच कर कठोर दंड दिया जाए।

*- विनय दीक्षित, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में बुद्ध के दांत के अवशेष की प्रदर्शनी संपन्न



भगवान बुद्ध के दांत के अवशेष की दुर्लभ प्रदर्शनी श्रीलंका के कैंडी शहर में संपन्न हुई। आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। यह प्रदर्शनी 18 अप्रैल को शुरू हुई और रविवार को समाप्त हुई। मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदर्शनी देखने के लिए रिकार्ड संख्या में लोग एकत्र हुए। 2.1 करोड़ आबादी वाले देश में 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए बुद्ध के दांत के अवशेष का विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं ने 10 दिन की इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया जो 2009 के बाद से इस तरह का पहला आयोजन था। आयोजकों का अनुमान था कि करीब 20 लाख श्रद्धालु इसमें भाग लेंगे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि अनुमानित संख्या के आधे से भी कम लोग इसमें शामिल हुए क्योंकि अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी। कैंडी की नगर आयुक्त इंडिका कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। लेकिन हमारे पास कैंडी में बनाए गए विभिन्न अस्थायी ढांचों को हटाने का बड़ा काम रह गया है।'

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है।

## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दु:ख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।

**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद



मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

रॉयल पत्रिका

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, NEET-2025 (UG) के सफल आयोजन के लिए समस्त व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

## - जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने अधिकारियों को दिये निर्देश




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, NEET-2025 (UG) के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बुधवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के पीएम केन्द्रीय विद्यालय नंबर-2 के सभागार में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली एवं परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में समस्त केंद्र अधीक्षकों, को सफल बनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नकल एवं पेपर लीक को रोकने के लिए संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि 4 मई, 2025 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक (दिव्यांगजनों के लिए दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक) जयपुर जिले के 90 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें 36 हजार 24 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 6 शहर समन्वयक एवं 90 केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है।

पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के यह हैं प्रावधान**

राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि. संख्याक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा, जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा, जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त शाहीन सी. सहित पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय के विकास कार्यों में सहयोग करने वाले भामाशाहों का किया सम्मान




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुधवार को राजकीय राजऋषि महाविद्यालय, अलवर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया एवं भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

शर्मा ने कहा कि राजऋषि महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले खासतौर पर महाविद्यालय में प्रकृति संरक्षण के कार्य कराने वाले भामाशाहों व महाविद्यालय स्टाफ को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक शिक्षा की मांग के अनुरूप होने के साथ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढाने वाली है। उन्होंने अलवर शहर में पटरी पार क्षेत्र में बेटियों के लिए महाविद्यालय खुलवाने की मांग इस बजट में पूरी होने, बेटियों के लिए सैनिक स्कूल, राजगढ में केंद्रीय विद्यालय, पॉलीटेक्निक कॉलेज, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सीट क्षमता में वृद्धि के लिए राज्य सरकार का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि 15 करोड रूपये की राशि से अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

**ये की घोषणाएं-**

शर्मा ने महाविद्यालय में विधायक निधि कोष से बोरिंग करवाने, बेटियों के लिए पिंक टॉयलेट बनवाने व एक कॉमन टॉयलेट बनवाने के साथ महाविद्यालय में विभिन्न संकायों को जोड़ने वाली डामर सडकें बनवाने की घोषणा की। महाविद्यालय में अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सहयोग से ई-लाइब्रेरी बनवाने का विश्वास दिलाया।

शर्मा ने 44.85 लाख रूपये की लागत के स्मार्ट लैब, गर्ल्स कॉमन रूम, आईक्यूएसी कक्ष व रिसर्च लैब के नव निर्माण कार्य, 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित वनस्पति शास्त्र उपकरण प्रयोगशाला व राजऋषि महाविद्यालय परिसर में रूसा योजनान्तर्गत 4 लाख रूपये की लागत से निर्मित योगा केंद्र, राजऋर्षि महाविद्यालय विकास समिति द्वारा 34.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित सोलर प्लांट एवं वनस्पति उद्यान, 2.5 लाख रूपये की लागत से निर्मित रसायन विज्ञान उद्यान का लोकार्पण किया। वहीं 9.65 लाख रूपये की लागत से महाविद्यालय में बनने वाले प्राणीशास्त्र प्रयोगशाला के कार्य का शिलान्यास किया।

शर्मा ने राजऋषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों में सहयोग करने पर डॉ. अनिता गुप्ता, डॉ. अशोक नागर, डॉ. ममता तिवाडी, डॉ. ऋतु माथुर, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. राजेश मीना, डॉ. अर्चना वशिष्ठ, सूर्यकान्त भारद्वाज, अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गौ संरक्षण मंच (अरनिमा सोशल वेल्फेयर फाउंडेशन), पायल सैनी लक्ष्मी बाई मार्शल आर्ट, किशन गुप्ता, जैन इरिगेशन, कृषि विपणन, यश बैंक, बैंक ऑफ बडोदा, केनरा बैंक के प्रतिनिधियों का दुपट्टा ओढाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों व महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

# आवासन मंडल परियोजना समिति की 173वीं बैठक



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आवासन मंडल द्वारा बने फ्लैट और भूखंड खरीदने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए सुखद खबर है। मंडल द्वारा जयपुर के प्रताप नगर योजना, सेक्टर-28 में 3BHK व 4BHK के 84 पलैट्स जल्द ही बनाए जाएँगे। मंडल जल्द ही इनकी आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर देगा।

यह निर्णय बुधवार को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया की अध्यक्षता में आयोजित परियोजना समिति की 173वीं बैठक में लिया गया। राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय में हुई इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

वैभव गालरिया ने बताया कि बैठक में आधा दर्जन से ज्यादा प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा 07 फरवरी को हुई 172वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति के बारे में भी जानकारी दी गई।

**आवास का सपना साकार करती विभिन्न योजनाएं जल्द होगी धरातल पर—**

गालरिया ने बताया की जयपुर के प्रताप नगर योजना के सेक्टर-28 में ग्रीनवुड आईकोनिक टॉवर उच्च आय वर्ग के लिए 84 फ्लैट्स, ग्राम गोपालपुरा तहसील व जिला बांरा में 497 भूखण्ड का अनुमोदन तथा पानेरियों की मादडी, उदयपुर आवासीय योजना में EWS व LIG फ्लैट्स की योजना का आंशिक संशोधन के साथ अनुमोदन किया गया।

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि ग्राम गोपालपुरा तहसील व जिला बांरा की प्रस्तावित आवासीय योजना (क्षेत्रफल 14.68 हैक्टेयर) के मानचित्र अनुमोदन, तथा पानेरियों की मादडी, उदयपुर आवासीय योजना में मध्यम आय वर्ग-A व मध्यम आय वर्ग-B के फ्लैट्स के नियोजन के संबंध में निर्णय लिया गया।

परियोजना समिति के सदस्य सचिव मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर ने मानचित्रों के माध्यम से सभी योजनाओं के बारे में अधिकारियों को विस्तार से बताया व संबंधित जानकारियां दी। बैठक में मुख्य नगर नियोजक राजस्थान विनय कुमार दलेला, मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, टी. एस. मीणा, प्रतीक श्रीवास्तव, वरिष्ठ नगर नियोजक पोद्दार प्रकाश शार्दूल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# डेनमार्क के प्रतिनिधि मंडल के साथ नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने की बैठक




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर राज्य सरकार ब्लू-ग्रीन सोल्यूशन के कार्य कर रही है।

खर्रा बुधवार को आवासन मंडल में डेनमार्क के राजदूत रसमस और उनकी टीम के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017 में सिटी टू सिटी कोलेबोरेशन के तहत उदयपुर और आरहस, डेनमार्क के बीच एमओयू किया गया था। यह एमओयू वर्ष 2030 तक मान्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस एमओयू के तहत वेस्ट वाटर को संसाधन के तौर पर उपयोग करना, एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन, नदियों के जीर्णोद्धार एवं ब्लू ग्रीन सॉल्यूशन तथा जलापूर्ति जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

आवासन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के नवलगढ़, उदयपुर व जयपुर में सस्टेनेबल विकास के लिए राजस्थान एवं आरहस, डेनमार्क के अधिकारियों द्वारा आपसी सामंजस्य से कार्य करना इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एमओयू के तहत हो रहे कार्यों को प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने बताया की डेलावास एवं उदयपुर एसटीपी पर वेस्ट वाटर को संसाधन के तौर पर उपयोग करने के कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किए जा रहे हैं साथ ही गुमानिया नाला उदयपुर में जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन में नवलगढ़ शहर को पायलट सिटी के रूप में लिया गया है। डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिलगार्ड ने कहा की राजस्थान में चल रहे विकास कार्य अपने आप में एक मिसाल है। उदयपुर में चल रहे नदियों के जीर्णोद्धार के कार्यों तथा डेलावास के एसटीपी में चल रहे वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के कार्यों की उन्होंने सराहना की। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा की डेनमार्क के साथ मिलकर हमे अर्बन ट्रांसपोर्ट पर काम करने की आवश्यकता है। एक दशक पहले निजी वाहनो की पंजीकरण संख्या करीब 19 लाख थी जो आज बढ़कर 38 लाख हो गई है यही वजह है कि ट्रैफिक जाम होने लगा है। हमे साथ मिलकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने होंगे।

इस बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह, रुडसिको के कार्यकारी निदेशक पीयूष सामरिया, मुख्य अभियंता अरुण व्यास सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# चंदवाजी वाले हजरत कुतुबशाह बाबा का 2 दिवसीय उर्स मेला 3 मई से



मनोहरपुर , (रॉयल पत्रिका)। चंदवाजी पुलिस थाने के सामने पूरब दिशा में डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत कुतुब शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह का दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला 3 मई शनिवार को मिलाद शरीफ से शुरू होगा जो कि 4 तारीख रविवार की शाम 7 बजे कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा।

हजरत कुतुब शाह बाबा मेला कमेटी चंदवाजी के निजामुद्दीन शाह,उस्मान शाह असगर अली व इस्लामुद्दीन ने बताया की बाबा के 3 मई शनिवार की शाम को झंडा फहराने के साथ में जायरिनों का आना शुरू हो जाएगा। रंग-बिरंगे परिधानों में सज संवर कर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए आएंगे।

इसके बाद में रात्रि 9 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ होगी जिसमें ख़ुदा के हुकुम मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी रात्रि 12 बजे बाद सलाम पढ़ी जाएगी। टेलर असलम शाह ने बताया कि इसी प्रकार 4 मई रविवार को सुबह 7 बजे कुरान ख्वानी होगी इसके बाद दोपहर 2 बजे बाद चंदवाजी की मस्जिद से बैंड बाजा के साथ में चद्दर का जुलूस निकलेगा जो की चंदवाजी कस्बे के प्रमुख मार्ग होता हुआ दरगाह प्रांगण तक आएगा जहां पर खादिमो के द्वारा बाबा की चद्दर को पेश किया जाएगा।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के कौशल,रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य-योजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के तहत सभी वर्गों के आशार्थियों के लाभार्थी उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा बुधवार को प्रातः 10.00 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर के कार्यालय परिसर में किया गया।

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर की उप निदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में लगभग 407 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया एवं निजी संस्थानों ने अपनी रिक्तियों के अनुसार 196 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया तथा 35 आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में कुल 231 आशार्थियों को लाभान्वित किया गया।

कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं करियर काउंसलिंग में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के 07 संस्थानों ने भाग लिया। जिला कौशल समन्वयक गिरिराज सर्वैया, सीजीसी के उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अतुल कुमार सोनू, आईटीआई के सहायक निदेशक अनूप धारवाल, महिला रोजगार कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक हनुमान सहाय मीना आदि ने इस अवसर पर उपस्थित युवा आशार्थियों को रोजगार मार्गदर्शन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

उक्त कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अविनाश कासलीवाल, चन्द्रभान चारण, श्रीमती रजनी गोयल एवं रजनीश खलवा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया ।

# शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी का बीकानेर दौरा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बुधवार को बीकानेर के लुणकरणसर में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राह्य परीक्षण केन्द्र (एटीसी), आरओसीएल जैतून फार्म और ग्राम सहनिवाला में उन्नत उद्यानिकी तकनिक द्वारा बनाये जा रहें हाई-टेक हॉर्टिक्लचर मॉडल क्लस्टर का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने कृषि विज्ञान केन्द्र लुणकरनसर का दौरा कर संचालित की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने वार्षिक कैलेण्डर अनुसार विश्वविद्यालय व कृषि उद्यान विभाग के परस्पर समन्वय से किसानों के लिए प्रभावी प्रशिक्षणों का आयोजन करवाने पर बल दिया। जिससे कृषि विज्ञान केन्द्र का समुचित लाभ क्षेत्र के किसानों को ज्यादा से ज्यादा मिल सकें।

राजन विशाल ने जैतून फ़ार्म व तेल प्रसंस्करण इकाई आरोसीएल की गतिविधियों का निरीक्षण किया और जैतून उत्पादक किसानों से प्राप्त जैतून फल से समय पर तेल निकलवाने हेतु निर्देश दिए। जैतून फ़ार्म प्रभारी ने प्रसंस्करण इकाई स्थापना से अब तक उत्पादित तेल का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके बाद शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने ग्राहय परीक्षण केन्द्र लुणकरनसर का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने लूणकरणसर के ग्राम सहनीवाला का भी दौरा किया, जिसे उद्यान विभाग द्वारा उन्नत उद्यानिकी तकनीकी द्वारा मिनी इजरायल मॉडल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग द्वारा सहनीवाला को हार्टिकल्चर मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। किसान उन्नत तकनीकी पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, लॉ-टनल, प्लास्टिक मल्च, एकल जल स्त्रोत, सामुदायिक जल स्त्रोत, सोलर पम्प व ड्रीप संयंत्र अपना कर न्युनतम लागत पर अच्छी पैदावार ले सकेंगें। जिससे किसानो की आमदनी बढेगी और जीवन में सुधार होगा।

बीकानेर का ग्राम सहनीवाला ब्लॉक लूणकरणसर का हाई-टेक हार्टिकल्चर मॉडल क्लस्टर हेतु चयन किया गया है। जिसमे 30 चयनित कृषकों में से प्रत्येक कृषक को उच्च तकनीकी पॉली हाउस/शेडनेट हाउस, लॉ-टनल, प्लास्टिक मल्च, एकल जल स्त्रोत, सामुदायिक जल स्त्रोत, सोलर पम्प व ड्रीप संयंत्र में से पॉली हाउस/शेडनेट हाउस के साथ न्यूनतम अन्य कोई चार घटक से लाभान्वित किया जा रहा है। चयनित कृषक को पॉली हाउस स्थापना पर 2000 वर्गमीटर निर्धारित सीमा पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत लघु व सीमांत कृषकों को 95 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | | पानी के लिए | |
|---|---|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# प्राणघातक हमले (गोली कांड) के सभी आरोपीयो को किया न्यायालय ने दोषमुक्त

## -एडवोकेट फिरोज खान ने की पैरवी

बारां, (रॉयल पत्रिका)। फरियादी द्वारा थाना कोतवाली बारां को जेरे इलाज राजकीय चिकित्सालय बारां में पर्चा बयान देते हुए पुलिसकर्मी को बताया था कि मैं अपनी गाड़ी से अंबेडकर सर्किल से घर जा रहा था जहां पर कुछ आरोपी आए आरोपियों ने आते ही जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर अंधाधुंध फायर कर दी जिससे मेरे बाएं कंधे के पीछे गोली लगी और खून निकल आया इस पर थाना कोतवाली ने आईपीसी की धारा 307 व एसटीएससी की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज किया इस घटना के बाद शहर के अंदर सनसनी फैल गई और पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाकर रवाना किया गया पुलिस द्वारा आरोपियों को पड़कर न्यायालय में पेश किया जो जमानत पर रिहा किए गए थे माननीय न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश अजा/जजा/(अ.नि) द्वारा प्रकरण की सुनवाई की गई, संपूर्ण प्रकरण की बहस 25.4.2025 को अधिवक्ता फिरोज खान द्वारा कि गई जिस पर माननीय न्यायालय ने विचार करते हुए 28.4.2025 को सभी आरोपी सद्दाम बाबर उर्फ सरफराज, पिंटू उर्फ शाहनवाज, भारत सिंह उर्फ राजा को फैसला सुनाते हुवे दोषमुक्त (बरी) करदीया तीनो आरोपियों की पैरवी एडवोकेट फिरोज खान द्वारा की गई।



# स्व.श्री ओमप्रकाश व्यास मानव सेवा समिति ने SRM राजकीय चिकित्सालय को भेंट की एलईडी टीवी

**शब्बीर हुसैन**

बारां, (रॉयल पत्रिका)। स्व.श्री ओमप्रकाश व्यास मानव सेवार्थ समिति बारां चेरिटेबल द्वारा शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय बारां को एलईडी टीवी भेंट की। समिति के प्रवक्ता शशांक शर्मा ने बताया की समिति लगातार 2 वर्ष से राजकीय चिकित्सालय में आवश्यक सामग्री भेंट करती आ रही है इसी क्रम में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बारां के वरिष्ठ समाजसेवी सतीश अरोड़ा की अध्यक्षता में शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र मेघवाल, डॉ हेमंत डडवारिया की मौजूदगी में 43 इंच एलईडी टीवी भेट करी।

साथ ही राजकीय चिकित्सालय में भगवान गुर्जर द्वारा पीड़ित मानव की सेवा हेतु चलाई जा रही प्याऊ पर सेवा कर मरीजों को फल वितरण किया गया।

समाजसेवी सतीश अरोड़ा द्वारा चिकित्सा अधिकारी से आवश्यक राहत सामग्री की जानकारी ली गई जिसे आगामी समय में क्रम वार भेंट किया जाएगा। अरोड़ा द्वारा समिति द्वारा चलाई जा रहे सेवा प्रकल्पों को सराहनीय बताया व आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस मोके पर राजेन्द्र शर्मा, हरिमोहन गोयल, विकास भारद्वाज, रितेश पंजाबी, सिद्धार्थ शर्मा, भगवान गुर्जर, अंशुल व्यास मौजूद रहे।




# बाल विवाह अभियान के तहत धर्म गुरुओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था / जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलाइंस द्वारा सामूहिक रूप से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत परशुराम जयंती पर धर्म गुरुओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पाली- लाखोटिया महादेव मंदिर परिचर में ब्राह्मण समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में धर्म गुरु एवं पाली समाज के पदाधिकारी और समाज के लोगों और महिलाएं बच्चों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन और जीएसवीएस से जिला समन्वयक अमन कुमार वैष्णव के निर्देश में सभी को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई की 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के की शादी नहीं करवाने के बारे में जानकारी दी गई एवं धर्म गुरुओ के द्वारा संदेश देकर बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेंडर स्पेशलिस्ट राजश्री के द्वारा सभी को जानकारी दी गई बाल विवाह नहीं करवाए यह कानूनी अपराध हैं कही बाल विवाह होता है तो प्रशासन को सूचना देवे और बाल विवाह के रोक थाम में सभी से सहयोग की अपील की। इस मौके पर जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जेंडर स्पेशलिस्ट राजश्री , इन्द, यू डी सी अम्रत ,अशोक चौधरी व ग्रामीण एवम् सामाजिक विकास संस्था से अमन कुमार सुनीता चौधरी , धन्नाराम, विप्र फाउंडेशन के प्रमोद देव सीनियर एडवोकेट पीएम जोशी दिलीप दवे शरद ओझा, अरुण दवे, जितेंद्र व्यास, अमर दीप शर्मा, हरवंश दवे, अरुण दवे ईश्वर सिखवाल, रामपाल शर्मा, सोहन उपाध्याय नन्द किशोर पारिख, जुगल दाधीच ,रमेश मिश्रा, कमलेश शर्मा, महावीर सिंह सुकरलाई, दिनेश दवे, पवन पाण्डे सहित समाज बंधु धर्म गुरु, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।




# कलेक्ट्रेट परिसर में स्काउट गाइड ने लगाए परिंडे

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर पाली की मूक पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए की गई अभिनव पहल परिंदों के लिए परिंडा अभियान के तहत आज राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाबर के स्काउट यूनिट लीडर मोहन सिंह द्वारा नवाचार करते हुए मिट्टी के घड़े से तैयार किए गए विशेष परिंडे (वातानुकूलित परिंडे) को जिला कलेक्टर परिसर में जिला कलेक्टर पाली लक्ष्मी नारायण मंत्री द्वारा वातानुकूलित परिंडा लगाकर अभियान की श्रृंखला में नवाचार समाहित कियागयाद्य इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह, उपखंड अधिकारी पाली विमलेंद्र सिंह राणावत, परिंडा अभियान के ब्रांड एंबेसेडर ओर अध्यक्ष भारत स्काउट व गाइड पाली महेंद्र बोहरा एवं अर्जुन मेहता, तथा जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल एवं सीबीईओ पाली दिलीप कर्मचंदानी, सी ओ गाइड डिंपल दवे के द्वारा परिसर में परिंडे बांधकर स्काउट गाइड द्वारा किए गए इस नवाचार की सराहना की गईद्य

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पाली ने इसे पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़कर वेस्ट टू बेस्ट अभियान के तहत पुराने ओर अनुपयोगी मिट्टी के घड़े को नया रूप देकर पुनः उपयोगी बनाने के साथ ही परोपकार और पुण्यार्थ उपयोग किए जाने हेतु सार्थक प्रयास की सराहना की ओर संपूर्ण पाली जिले में स्काउट गाइड द्वारा परिंडा अभियान को सफल बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना कीद्य

जिला प्रशासन पाली की अभिनव पहल परिंडा अभियान के जिला संयोजक एवं सहायक निदेशक सोहन भाटी ने बताया कि भारत स्काउट व गाइड पाली के सी. ओ. स्काउट गोविन्द मीना एवं सी ओ गाइड डिंपल दवे के निर्देशन में स्काउट यूनिट लीडर मोहन सिंह के द्वारा तैयार किए वातानुकूलित परिंडे में पक्षियों को पानी पीने के साथ ही बैठने के लिए छाया भी प्राप्त हो सकेगी तथा मूक पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत प्राप्त होगीद्य

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि स्काउट गाइड संगठन द्वारा घरों में काम आने वाले पुराने घड़ों का उपयोग करते हुए इस प्रकार का नवाचार करते हुए वातानुकूलित परिंडे का निर्माण किया जाकर आगामी दिनों में शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में इस प्रकार के परिंडे लगाए जायेंगे जिससे पक्षियों को इस गर्मी में प्यास बुझाने के साथ में शीतल छाया भी प्राप्त हो सकेगीद्य

परिंडा अभियान कार्यक्रम में आज स्थानीय संघ रोहट सचिव दौलत सिंह, पाली सचिव कैलाश कुमार, संयुक्त सचिव उर्मिला यति, स्काउटर प्रदीप कुमार शर्मा, मोहन सिंह राठौर, समाज सेवी विमला मंत्री आदि उपस्थित रहे।




# विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोताही नही होगी बर्दाश्त: जिला कलक्टर

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बुधवार को प्रातः बारां शहर में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज एवं सड़कों की मरम्मत का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय सीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुसार हो।

जिला कलक्टर ने नलका रोड़ व मांगरोल बाईपास रोड़ की जांच कर संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी कार्य समयबद्धता के साथ मानकों के अनुसार ही पूरे किए जाए। उन्होंने झालावाड़ रोड रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यो की स्थिति का जायजा लेकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा हों। उन्होंने सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए निर्माण स्थलों पर मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी, नगर परिषद एवं आरएसएलडीसी के अधिकारी भी मौजूद थे।



# गुणपालिया में कार सहित एक व्यक्ति की हत्या कर जलाने का मामला

## -पीड़ित परिवार में भारी रोष, समझाइश से अभी धरना समाप्त

लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। प्रभु राम निवासी बल्दू की कार में हत्या करके कार सहित जला कर मारने के मामले में तीन मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में, शक के आधार पर अन्य की और हो सकती है गिरफ्तारी, पुलिस और प्रशासन ने दिया हर संभव पीड़ित परिवार को मदद और सहयोग का भरोसा, पीड़ित परिवार से पुलिस ने की जांच में सहयोग करने की अपील, मृतक व्यक्ति के शव को चार दिनों से सरकारी होस्पीटल की मोर्चरी में रख कर पीड़ित परिवार कर रहा था सरकार और प्रशासन से न्याय और इंसाफ की पुकार, दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलवाने व पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता राशि दिलाने व संविदा पर एक व्यक्ति को नौकरी दिलाने पर अड़े रहे इसी मांग को लेकर पीड़िता परिवार राजकीय उप जिला चिकित्सालय लाडनूं में पीछले चार दिनों से धरने पर बैठे हुए थे, विधायक मुकेश भाकर के द्वारा जनहित में किए गए सहरानिय प्रयास और पीड़ित परिवार के साथ आपसी समझाइए पर सरकार और प्रशासन के साथ लिखित में हुए समझौते के आधार पर अभी धरना समाप्त करने की घोषणा करके मृतक व्यक्ति का बाडी का अंतिम संस्कार करने के लिए शव परिजनों को सौंपा गया है। इस अवसर पर विधायक मुकेश भाकर ने पीड़ित परिवार के घर वालों को अपने निजी स्तर पर एक लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की वहीं गांव के एक व्यक्ति ने भी पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा कि। मृतक व्यक्ति के परिवार को आर्थिक सहायता के लिए एक मुहिम चलाई जाएगी।

इस सफल वार्ता में लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, दिनेश गोदारा, सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश खिंची, पार्षद नौशाद सिसोदिया, पीसीसी मेम्बर कैलास निठरवाल, भवरसिंह छपारा, शाहरुख फोजी, सीओ विकी नागपाल, तहसीलदार लाडनूं, थानाधिकारी सहित पीड़ित परिवार के अलावा सर्वसमाज के सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे।



# विश्व टीकाकरण सप्ताह का किया जा रहा आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले में 30 अप्रैल तक विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत मीजल्स-रूबेला उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमीनी ने बताया कि 24 अप्रैल को केन्द्रीय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया है। इसी के तहत राज्य व जिला स्तर पर विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 से 30 अप्रैल तक संचलित किया जा रहा है।

अभियान के तहत वंचित बच्चों का टीकाकरण कर इसकी प्रविष्टियां यूविन पर दर्ज की जा रही हैं। अभियान में शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी को फील्ड में निर्देशित किया गया है कि एमआर 1 और एमआर 2 से टीकाकृत लाभार्थियों की सूचना यूविन पर दर्ज करानी आवश्यक है। इसकी सूचना राज्य स्तर से जारी गूगल शीट पर भी दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

परिजन स्वयं भी कर सकते है टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन:- सीएमएचओ ने आमजन से अपील कि है कि अभिभावक अपने बच्चों को मीजल्स-रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं। इसके लिए अभिभावक स्वयं भी यूविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा अपाइंटमेंट बुक करा सकते हैं। इसकी पहली खुराक 9 से 12 माह और दूसरी खुराक 16 से 24 माह पर दी जाती है।




# जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के संबंध में मीटिंग का हुआ आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा लंबित बाल पीड़ित प्रतिकर के संबंध में की गई अनुशंसाओ, प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किए जाने हेतु जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक के आयोजन हेतु प्राप्त निर्देशों की पालना में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई ओमप्रकाश मीना तथा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर श्वेता गर्ग उपस्थित रहे। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मीटिंग में वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, साथ ही वर्ष 2019 से 2025 तक के बाल पीड़ितों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मीटिंग में उपस्थित सदस्यों द्वारा बताया गया कि गत मीटिंग के बाद से 57 एफआईआर पीड़ित प्रतिकर योग्य नहीं पाई गई है एवं 9 एफआईआर में कार्यवाही की जा रही है।

सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को बालश्रम, पोक्सो एक्ट एवं बाल अपराधों के संबंध में वर्तमान में दर्ज की जाने वाली एफआईआर की एक प्रति तथा प्रकरणों में पीडित अथवा उसके आश्रित की ओर से आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अविलम्ब आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए।

साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा संजय शर्मा अतिरिक्त जिला कलक्टर सवाई माधोपुर को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा बालविवाह रोकथाम के संबंध में कार्यवाही हेतु प्रेषित प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।



# अमेरिका से सकुशल लौटकर जिला प्रमुख उर्मिला भाया ने की पूजा-अर्चना



**शब्बीर हुसैन**

बारां, (रॉयल पत्रिका)। गुणवर्धन शंखेश्वर दादा की मेहरावानी से अमेरिका दौरे से सकुशल लौटने के उपरान्त अध्यक्ष गुणवर्धन शंखेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ एवं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने अपने आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की।

गुणवर्धन शंखेश्वर पार्श्वनाथ अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया लगभग 1 माह के अमेरिका दौरे से सकुशल लौटने के उपरान्त प्रातःकाल श्री चन्द्रप्रभूजी स्वामी के दर्शन किये तथा तत्पश्चात गुणवर्धन शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ पहुंचकर गुणवर्धन शंखेश्वर दादा की पूजा-अर्चना की साथ ही गणेशजी महाराज, बालाजी महाराज एवं वहां पर विराजमान समस्त देवों की पूजा कर दर्शन लाभ प्राप्त किया तथा गौवंश को हरा चारा एवं गुड खिलाया

# 700 से ज्यादा बेरोजगारों को मिला मौका, जिले में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन




हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय, हनुमानगढ़ की ओर से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सिविल लाइन स्थित सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 01, हनुमानगढ़ जंक्शन में आयोजित हुआ, जिसमें 700 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

**15 संस्थानों ने लगाए स्टॉल, 413 अभ्यर्थियों का हुआ प्रारंभिक चयन**

जिला रोजगार अधिकारी विनोद गोदारा ने जानकारी दी कि शिविर में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 15 संस्थानों ने भाग लिया। इनमें मैजिक ग्रो बायोटेक प्रा. लि. श्रीगंगानगर, एनएसएसएस सिक्योरिटी प्रा. लि. जयपुर, मदन ऑटो पार्ट्स हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उद्योग संघ लि., यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एलआईसी, एसबीआई आर. सेठी ब्रांच, नगर परिषद हनुमानगढ़ टाउन, जिला उद्योग केंद्र, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, एल्फा कैम स्किल्स और शिक्षा विस्तार संस्था शामिल थी।

शिविर में निजी कंपनियों ने 138 अभ्यर्थियों का, प्रशिक्षण संस्थानों ने 167 का और स्वरोजगार के लिए 108 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया। कुल मिलाकर 413 बेरोजगार अभ्यर्थियों को अवसर मिला, जिन्हें प्रशिक्षण, ऋण सहायता और अंतिम चयन की प्रक्रिया से आगे बढ़ाया जाएगा।

**युवाओं और संस्थानों के बीच संवाद बना रही सरकार**

जिला रोजगार अधिकारी गोदारा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं और संस्थानों को एक साझा मंच प्रदान करना है ताकि वे आपस में संवाद स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि विभाग इस वर्ष और भी रोजगार सहायता शिविरों का आयोजन करेगा, जिससे अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर में उल्लेखनीय कार्य करने




बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ट कार्य करने पर छबड़ा एसडीएम रामसिंह एवं मांगरोल एसडीएम अंजना सहरावत को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं समस्त तहसीलों में छबड़ा तहसीलदार यादवेन्द्र यादव प्रथम, तहसीलदार मांगरोल लोकेन्द्र सिंह द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान तहसीलदार अन्ता सत्यनारायण शर्मा ने प्राप्त किया। जिले में समस्त भू.अ.निरीक्षकों में प्रथम स्थान छीपाबड़ौद भू.अ.नि. बंजारी देवेन्द्र सिंह, द्वितीय स्थान छीपाबड़ौद भू.अ.नि. बमोरी घाटा कैलाशचंद नामदेव, तृतीय स्थान भू.अ.नि मांगरोल बंशीलाल मीणा ने प्राप्त किया। वहीं समस्त पटवारियों में प्रथम स्थान पटवारी मांगरोल अरिहन्त कुमार जैन, द्वितीय स्थान पटवारी मांगरोल वर्षा दुषाद व तृतीय स्थान पर पटवारी छीपाबड़ौद शुभम श्रोत्रिय रहे। वहीं जिले में समस्त ऑपरेटरों में प्रथम स्थान छबड़ा ऑपरेटर राजकुमार सहरिया, द्वितीय स्थान मांगरोल ऑपरेटर लोकेन्द्र नागर तथा तृतीय स्थान पर अन्ता ऑपरेटर महानूर खानम ने अर्जित किया। जिला कलक्टर ने सभी सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सिंघाना ब्लॉक के 13 ई मित्रों का निरीक्षण

झुंझुनू, (रॉयल पत्रिका)। सूचना एवं प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सिंघाना ब्लॉक द्वारा ई-गवर्नेन्स की बेहतर सुविधा देने के लिए ईमित्रा कियोस्कों पर पाई जाने वाली कमियों को दूर करने के लिए अप्रेल माह में विभिन्न टीम बनाकर कुल 13 कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया। ब्लॉक प्रोग्रामर विजेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि निरीक्षण में 2 कियोस्कों पर अनियमितता पाई गई, जिसमें 2 कियोस्कों पर ईमित्रा की सेवा देते समय आईडी कार्ड नहीं पहनने व कियोस्क प्रमाण पत्रा चस्पा नहीं मिलने की अनियमितता पाई गई। इस पर दोनों कियोस्कों को मौके पर नोटिस जारी कर पेनल्टी लगाई गई। जांच दल में सूचना सहायक सुनिल कुमार सैनी एवं कुलदीप स्वामी शामिल रहे।

## देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली यह सबसे महत्वपूर्ण योजना है: चौधरी

मुंबई, एजेंसी। डॉ. अजय चौधरी, एचसीएल के संस्थापक, ऐपिक फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि मैं पैसिव कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम की घोषणा का स्वागत करता हूँ। वित्त वर्ष 26 से वित्त वर्ष 32 तक 6 वर्षों की अवधि के लिए 22,919 करोड़ के स्वीकृत परिव्यय के साथ, यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सरकार शुरू से ही सही दिशा में आगे बढ़ रही है, उसने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की है, जो देश के लिए ऐक्टिव कम्पोनेंट और सेमीकंडक्टर चिप्स बनाएगा। इससे पहले, सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख पीएलआई कार्यक्रम की भी घोषणा की थी, जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और भारत में रोजगार और यहां से होने वाला निर्यात भी बढ़ा है। इसके बाद, यह देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना है। और यह कुछ ऐसा है जिसके होने का मैंने दशकों से इंतजार किया है। यह बहुत अहम है क्योंकि कदम दर कदम, सरकार ने हर उस पहलू पर काम किया है जिसकी उद्योग को जरूरत थी। और यह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम है।

यह पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण हो सकता है, जो देश को वैश्विक बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा।

## सरकार की पहल: नौकरी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा घर

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना महामारी के दौरान पहली बार घर से काम करने के कल्चर से लोग रूबरू हुए। उसी तर्ज अब केंद्र सरकार 'अपने गृह नगर में नौकरी' के नए विचार पर काम कर रही है। अगर यह पहल सफल रही तो पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अब अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एक ऐसा सिस्टम विकसित कर रहा है, जिसमें नौकरी चाहने वालों को स्थान, क्षेत्र, नियोक्ता, वेतनमान, आवश्यक कौशल और अन्य विशेषताओं के आधार पर नौकरियों को फिल्टर करने के विकल्प




मिलेंगे। मंत्रालय पीएम गति शक्ति पोर्टल पर नौकरी के आंकड़ों की मैपिंग कर रहा है। मंत्रालय का राष्ट्रीय करिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने वाले डिजिटल बाजार के रूप में कार्य करता है, जो बाजार में नौकरी की मांग और आपूर्ति को प्रभावी ढंग से संरेखित करता है। मंत्रालय एनसीएस जॉब डाटा को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और गुजरात ने पहले ही इस दिशा में प्रगति कर ली है।

**41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म से जुड़े-** करीब 41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। जबकि, एक करोड़ से अधिक संभावित नौकरी चाहने वालों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

**40 किलोमीटर के दायर में नौकरी-** पीएम गति शक्ति को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत करके रोजगार अवसरों को जियो-टैग किया जा सकता है। एक समर्पित मोबाइल एप युवाओं को 20-40 किलोमीटर के दायरे में आसपास के रोजगार के अवसरों की खोज करने में सक्षम बनाएगा।

**सीमित कौशल वालों को मिलेगा लाभ-** यह विशेष रूप से नौकरी चाहने वालों, सीमित कौशल वाले लोगों को लाभान्वित करेगा, जो अब तक अत्यधिक रोजगार योग्य नहीं हैं, जिससे उन्हें अपने समुदायों में रहते हुए कमाई करने का अवसर मिलेगा।

## गोल्डमैन सैक्स ने बल्क डील में खरीदे वोडाफोन आइडिया के करोड़ों के शेयर




मुंबई, एजेंसी। शेयर बाजार खुलते ही वोडाफोन आइडिया के शेयर में सुबह ही तेजी दिखी। ऐसा इसलिए, क्योंकि गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई ने कंपनी में लगभग 0.55 प्रतिशतहिस्सेदारी खरीदी है। यह हिस्सेदारी उन्होंने बल्क डील के जरिए खरीदी है।

**कितने के खरीदे शेयर-** गोल्डमैन सैक्स ने 457.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। बताया जाता है कि यह एक बड़े सौदे का हिस्सा है। इस सौदे में नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई में अपनी 0.95 प्रतिशतहिस्सेदारी बेची। इससे उन्हें 785.67 करोड़ रुपये मिले। ह्स्थ्र के आंकड़ों के अनुसार, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने वीआई के 102.7 करोड़ शेयर बेचे। उन्होंने ये शेयर 7.65 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे। गोल्डमैन सैक्स मुख्य खरीदारों में से एक था। लेकिन, बाकी खरीदारों के बारे में जानकारी अभी नहीं मिली है।

### नोकिया को घाटा हुआ

पिछले साल, वीआई ने नोकिया को 102.7 करोड़ इक्विटी शेयर दिए थे। ये शेयर 14.80 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से दिए गए थे। यह एक खास डील थी। इससे वीआई को लगभग 1,520 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने में मदद मिली थी। नोकिया की भारतीय इकाई के पास वीआई में 1.47 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। उल्लखनीय है कि सरकार ने हाल ही में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने वोडाफोन आइडिया के बकाया स्पेक्ट्रम शुल्क को इक्विटी में बदल दिया था। यह राशि 36,950 करोड़ रुपये थी। इससे सरकार की हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशतसे बढ़कर लगभग 49 प्रतिशतहो गई है। इस बल्क डील के बाद वोडाफोन आइडिया में नोकिया की हिस्सेदारी घटकर लगभग 0.95 प्रतिशतहो गई है।

### वोडाफोन आइडिया के शेयर पर क्या असर

पिछले सप्ताह बीएसई में वीआई के शेयर 7.47 रुपये पर बंद हुए थे। थोड़ी ही देर में यह चढ़ कर 7.58 रुपये पर चला गया। सुबह 9.53 बजे यह 7.49 रुपये पर ट्रेड कर रहा था जो कि कल के बंद भाव के मुकाबले 0.27 फीसदी अधिक है।

## 10 साल बाद भारी भरकम मुनाफा बांटेगी कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 2 प्रतिशततक चढ़कर 8771.55 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने डिविडेंड की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड मेंबर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 5 फेस वैल्यू के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 265 के अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी दी। इसके लिए रिकॉर्ड तिथि 8 मई तय की गई है। शेयरधारकों को डिविडेंड का भुगतान 17 मई, 2025 तक किया जाएगा। बता दें कि यह कंपनी का पिछले दस सालों में अब तक का सबसे अधिक डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**क्या है डिटेल-** रेकल फाइनेंशियल सर्विसेज ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और साल के लिए अपने वित्तीय नतीजे जारी कर दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बड़ा मार्जिन और प्रॉफिट दर्ज किया। जबकि कंपनी की टॉपलाइन सपाट रही, मार्जिन 300 आधार अंकों से बढ़कर 44.6 प्रतिशतहो गया। लाभ 18-19 प्रतिशतबढ़ा। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मकरंद पडलकर ने कहा, हमने पूरे वर्ष के लिए 44 प्रतिशतके ऑपरेटिंग मार्जिन के साथ मजबूत आपरेशनल परफॉर्मेंस बनाए रखा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 180 आधार अंकों का सुधार है।

## सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम बढ़े, पहलगाम हमले के बाद अटारी-वाघा बॉर्डर बंद, दिखने लगा असर




### और बढ़ सकते हैं दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। बॉर्डर बंद होने से भारत और अफगानिस्तान के व्यापार में भी असर पड़ने लगा है। आलम यह है कि बीते चार दिनों से अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप हो गई है। जिसका असर बाजारों में दिख रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, अफगानिस्तान से सप्लाई ठप होने से ड्राई फ्रूट्स के दाम में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कारोबारियों का दावा है आने वाले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम आसमान छू सकते हैं।

खारी बावली में अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका समेत कई देश से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। एक कारोबारी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप है। जिससे बाजार में खलबली मच गई है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने बताया कि पहलगाम की घटना बहुत ही दुखद है। सरकार ने हमले के बाद से अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया है।

**काजू, अखरोट की भी बढ़ेगी कीमत-** देश में अभी ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, टर्की से हो रही है और कुछ आइटम ईरान से भी आ रहे हैं। लेकिन अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से दूसरे देश से आने वाले काजू, बादाम, अखरोट की खपत तेज हो जाएगी, जिसे इनके दाम भी बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिठाइयों के लिए पिस्ता मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। जिससे इसका असर मिठाई के दाम पर भी सीधे तौर पर पड़ेगा।

बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से व्यापार ठप हो गया है। अफगानिस्तान का लगभग 90 प्रतिशत माल भारत आता है। इनमें अंजीर, हींग, पिस्ता, किशमिश, जीरा, मुनक्का शामिल हैं। चार दिन हो गए सप्लाई ठप है। इसकी वजह से थोक मंडी में अंजीर की कीमत में 200 प्रति किलो, पिस्ता की कीमत में 400 से 500 प्रति किलो, किशमिश में 100 प्रति किलो, मुनक्का में भी 100 प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। अगले एक महीने तक अगर यही हालत रहे तो ड्राई फ्रूट्स के दाम में काफी बढ़ोतरी हो सकती है।

### कारोबारियों के करोड़ों रुपये फंसे

अफगानिस्तान से भारत में हर साल लगभग सवा लाख टन ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। इसके लिए यहां के कारोबारी एडवांस में पेमेंट करते हैं। एक कारोबारी ने बताया कि अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप होने से करोड़ों रुपये फंस गए हैं। इस स्थिति में उनके पास इंतज़ार के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

## मुकेश अंबानी की कंपनी का मुनाफा बढ़ा तो रिलायंस के शेयर खरीदने को मची लूट

नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों को खरीदने के लिए सोमवार को लूट मच गई। आरआईएल के शेयर बीएसई पर 3.3 प्रतिशतबढ़कर 1,344 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। यह उछाल तब देखने को मिली,




जब कंपनी ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 2 प्रतिशतकी वृद्धि के साथ 19,407 करोड़ रुपये की रिपोर्ट की, जो दलाल स्ट्रीट अनुमान 18,471 करोड़ रुपये से अधिक है।

**1,650 रुपये हुआ टार्गेट प्राइस-** मोतीलाल ओसवाल मोतीलाल ओसवाल ने रिलायंस पर 1,515 रुपये (पहले 1,510 रुपये) के संशोधित लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग दोहराई है। वहीं, नोमुरा ने भी रिलायंस पर खरीदें कॉल दिया है, टार्गेट प्राइस बढ़ाकर 1,650 रुपये कर दिया है। जेपी मॉर्गन जेपी मॉर्गन ने 1,530 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ रिलायंस पर ओवरवेट रेटिंग बनाए रखी है। मैक्वेरी ने 1,500 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ आउटपरफॉर्म रेटिंग दी। इसने बताया कि त्त्4 के परिणाम अनुरूप थे।

**रिलायंस के नतीजों पर क्या बोले मुकेश अंबानी-** आरआईएल के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 वैश्विक कारोबारी माहौल के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जिसमें कमजोर मैक्रो-इकोनॉमिक स्थितियां और भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हुआ है। परिचालन अनुशासन, ग्राहक-केंद्रित नवाचार और भारत की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने पर हमारा ध्यान केंद्रित करने से रिलायंस को इस साल के दौरान स्थिर वित्तीय प्रदर्शन करने में मदद मिली है।

**जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने क्या कहा-** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो विश्व स्तरीय नेटवर्क तकनीकों और डिजिटल सेवाओं के विस्तृत गुलदस्ते के साथ ग्राहक जुड़ाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## किशोर कुमार के गाने पर विजय केडिया का तराना

### बताया कैसे बनेगा 10,000 से 1 करोड़ का खजाना



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार में विजय केडिया जाना-माना नाम हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने गानों के जरिए निवेश और संपत्ति बनाने की सरल रणनीति बताते हैं। केडिया ने जिदगी को समृद्ध है बनाना नाम का नया गाना जारी किया है। यह गाना किशोर कुमार के जिंदगी एक सफर है सुहाना से प्रेरित है। इस गाने के जरिये केडिया ने बचत करने और सिप (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए संपत्ति बनाने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि कैसे हर महीने 10,000 रुपये का निवेश 20 सालों में 12 प्रतिशतवार्षिक रिटर्न के साथ 1 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। केडिया ने फिजूलखर्ची से बचने और समय पर निवेश शुरू करने की सलाह दी है। उन्होंने पहले भी युवाओं को अमीर बनने के लिए आसान गणित समझाया था। इसमें सालाना 50,000 रुपये की बचत को समझदारी से निवेश करके 5 करोड़ रुपये तक बनाने की बात कही गई थी। विजय केडिया हमेशा मजेदार तरीके से लोगों को निवेश के बारे में बताते रहते हैं। इस बार भी उन्होंने एक गाना बनाया है। इसमें उन्होंने लोगों को अमीर और सुरक्षित जीवन जीने के लिए जरूरी बातें बताई हैं।

### जिंदगी को समृद्ध है बनाना

केडिया ने अपना नया गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क्ष पर शेयर किया है। गाने का नाम है जिंदगी को समृद्ध है बनाना। यह गाना 1971 में आई फिल्म अंदाज के किशोर कुमार के गाने जिंदगी एक सफर है सुहाना पर है। इस गाने के जरिए केडिया ने बचत करने और सिप के महत्व को समझाया है। सिप एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा निवेश कर सकते हैं। समय के साथ अच्छा पैसा बना सकते हैं।

## पढ़ने के आनंद का मनाएं जश्न, अमेजन इंडिया ने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को किया और मजबूत

बेंगलुरु, एजेंसी। इस वर्ल्ड बुक डे पर अमेजन इंडिया अपने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को आगे बढ़ा रहा है – ये एक व्यापक कोशिश है, जो भारत के रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए डेमोक्रेटाइज्ड एक्सेस, इनोवेटिव डिस्कवरी और कम्युनिटी एनगेजमेंट के जरिए काम करती है। ये प्रतिबद्धता देश भर के पाठकों तक किताबों की पहुंच को आसान बनाने के लिए अमेजन द्वारा किए जा रहे काम का हिस्सा है। अमेजन इंडिया के हाल के ट्रेंड्स से पता चलता है कि पूरे देश में किताबों की मांग बढ़ रही है, जिसमें नए कस्टमर्स और कैटेगरी सेल्स दोनों में डबल-डिजिट ग्रोथ देखी गई है। टियर 2 शहर इस विस्तार को खास तौर पर बढ़ा रहे हैं, जहां नए बुक कस्टमर्स की ग्रोथ मेट्रो शहरों की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। इस डिमांड को सपोर्ट करने के लिए कंपनी ने अपनी सेम-डे डिलीवरी क्षमता को काफी बढ़ा दिया है, और अब टॉप 20 शहरों में पिछले साल की तुलना में दोगुने कस्टमर्स तक पहुंच रही है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स एंड टॉयज, अमेजन इंडिया ने कहा, किताबें अमेजन की पहचान का केंद्र बिंदु हैं, और भारत के पाठकों के लिए हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं ज्यादा गहरी हुई है, भारत की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विविधता को प्रदर्शित करने वाला साहित्य संग्रह से लेकर, तेज डिलीवरी और डिस्कवरी में निवेश करने तक, हमारा पूरा ध्यान रीडिंग को ज्यादा फायदेमंद और ज्यादा सुविधाजनक बनाने पर है। चाहे वो मेट्रो में एक युवा रीडर हो या टियर-3 टाउन में एक स्टूडेंट, हम हर दरवाजे तक सही किताब पहुंचाना चाहते हैं। 14 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में उपलब्ध, 2 करोड़ से ज्यादा किताबों के कैटलॉग के साथ, अमेजन भारत के 100 प्रतिशत सर्विसेबल पिन कोड्स तक किताबें डिलीवर करता है। इस कैटेगरी में लिटरेरी फिक्शन, सेल्फ-हेल्प, बिजनेस और चिल्ड्रन्स बुक्स जैसे जॉनर्स में मजबूत डबल-डिजिट ग्रोथ देखी जा रही है, वहीं मलयालम और तमिल में रीजनल लैंग्वेज बुक्स की डिमांड पिछले साल की तुलना में दोगुनी हो गई है। एजुकेशनल कंटेंट भी मजबूत बना हुआ है, जिसमें गवर्नमेंट एग्जाम प्रीपरेशन मटीरियल्स में 30 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ हुई है, और इंजीनियरिंग व लॉ के लिए स्पेशलाइज्ड मटेरियल्स में पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ देखी गई है। डिस्कवरी और ग्राहक अनुभव को बेहतर करने के लिए, अमेजन की मंथली बुक बाजार इस साल अपनी 5वीं वर्षगांठ मना रही है, जिसमें 60 एडिशन्स होंगे जहां 300 से ज्यादा विशेष रीडिंग लिस्ट्स और 30,000 से ज्यादा किताबों पर डील्स की पेशकश की जाएगी, जो अलग-अलग जॉनर्स और भाषाओं में उपलब्ध होंगी। कंपनी फ्लैगशिप इनिशिएटिव्स जैसे ऑथर ऑफ द मंथ, अमेजन बुक टॉक सीरीज, और क्षेत्रीय भाषाओं की किताबों के लिए मातृभाषा स्टोर जैसे खास गंतव्य के माध्यम से पर्सनलाइज्ड एल्गोरिदम रिकमंडेशन्स को ट्रस्टेड एडिटोरियल क्यूरेशन के साथ मिलाती है।

## सुनील मित्तल के बाद अब मुकेश अंबानी भी आगे आए




नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एक बड़ी खबर में है। यह कंपनी चीन की एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी हायर की भारतीय इकाई में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। हायर कंपनी भारत में अपने कारोबार को बढ़ाना चाहती है और इसके लिए वह किसी भारतीय कंपनी को अपना पार्टनर बनाना चाहती है।

इस दौड़ में रिलायंस का मुकाबला सुनील मित्तल की भारती ग्रुप से है। यह मुकाबला टेलीकॉम सेक्टर की तरह ही है, जहां ये दोनों कंपनियां पहले से ही एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहती है कंपनी

हायर अप्लायंसेज इंडिया एलजी और सैमसंग के बाद तीसरे नंबर पर है। यह कंपनी अपनी 25 प्रतिशतसे 51 प्रतिशततक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। यह कंपनी स्त्र मोटर्स की तरह एक ऐसा ढांचा बनाना चाहती है, जिसमें कोई भारतीय कंपनी सबसे बड़ी शेयरधारक बन जाए। सूत्रों के अनुसार, हायर कंपनी का वैल्यूएशन 2-2.3 बिलियन डॉलर आंका जा रहा है। इसमें कंपनी को कंट्रोल करने का प्रीमियम भी शामिल है। हायर कंपनी पिछले साल के अंत से ही सिटी के साथ मिलकर बड़े फैमिली ऑफिस और प्राइवेट इक्विटी फंड्स से हिस्सेदारी बिक्री के लिए बात कर रही है।

### टैरिफ से जुड़ा है कनेक्शन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद से चीनी कंपनियां अब भारत में हिस्सेदारी बेचने के लिए तैयार हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि टैरिफ की वजह से उनके प्रोडक्ट की कीमतें अमेरिका में बढ़ जाएंगी। इसलिए, चीनी कंपनियां अब भारत में अपना कारोबार बढ़ाना चाहती हैं।

### क्या है दोनों कंपनियों का प्लान

रिलायंस ने इस साल की शुरुआत में नॉन-बाइंडिंग ऑफर देने के बाद इस दौड़ में एंट्री की है। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस के सलाहकारों ने सीधे हायर के हेडक्वार्टर, चिंगदाओ में संपर्क किया है। दो इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव्स ने बताया कि मित्तल भी कुछ हफ्ते पहले हायर के टॉप मैनेजमेंट से मिलने चीन गए थे।

यह समझा जाता है कि रिलायंस रिटेल यूनिट इस संभावित अधिग्रहण के लिए एक माध्यम होगा। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस अभी तक अकेले ही आगे बढ़ना चाहता है। रिलायंस पहले से ही बीपीएल और केल्विनटर जैसे लाइसेंस वाले ब्रांडों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। हालांकि, रिलायंस द्वारा स्थापित ब्रांड, रीकनेक्ट और वाइजर को ज्यादा सफलता नहीं मिली है।

### कितनी मिलेगी इ[ टी

ज्यादातर भारतीय कंपनियां और प्राइवेट इक्विटी फर्म्स किसी भी गठबंधन में जूनियर पार्टनर नहीं बनना चाहती हैं। इसलिए, हायर कंपनी एक लोकल पार्टनर को 45-48 प्रतिशत इक्विटी देने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, 3-6 प्रतिशतइक्विटी भारतीय कर्मचारियों और लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए रखी जाएगी, जबकि बाकी हिस्सेदारी कंपनी अपने पास रखेगी। सूत्रों के अनुसार, फाइनल स्ट्रक्चर अगले कुछ हफ्तों में तय होने की उम्मीद है।

# बजरंगी भाईजान 2 को सलमान ने दिखाई हरी झंडी?

## लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने दिया अपडेट



कई दिनों से चर्चा थी कि सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम करने के बारे में विचार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म के लेखक ने इस पर नया अपडेट दिया है। मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म बजरंगी भाईजान के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह बाहुबली और आरआरआर जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।

### सलमान को पसंद आया कांसेप्ट

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है। फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।


### कई बार सीक्वल पर चर्चा कर चुके हैं सलमान

इस मामले से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि सलमान खान और विजयेंद्र प्रसाद कई बार मिल चुके हैं और कथित तौर पर एक मजबूत पटकथा तैयार कर ली है, जो सीक्वल का आधार बन सकती है। इससे पहले पिंकविला ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में पहुंच गई है। सलमान खान ने हाल ही में लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और दोनों ने एक संभावित विचार पर चर्चा की। जो बहुप्रतीक्षित सीक्वल का रूप ले सकता है।

### आधिकारिक मुहर का इंतजार

रिपोर्ट्स के अनुसार, वी. विजयेंद्र प्रसाद और निर्देशक कबीर खान के बीच संभावित सहयोग के बारे में बातचीत चल रही है, जिससे पता चलता है कि तीनों इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित हर्षाली मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। यह छह वर्षीय मूक पाकिस्तानी लड़की शाहिदा की कहानी है, जो दिल्ली से पाकिस्तान लौटते समय अपनी मां से बिछड़ जाती है।

# अनिल कपूर ने शुरू की सुबेदार की डबिंग



मेगास्टार अनिल कपूर, जो लगातार खुद को नया रूप प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित ओटीटी फिल्म सूबेदार के लिए डबिंग शुरू कर दी है। अक्टूबर 2024 में शूटिंग शुरू करने के बाद, इस फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है और यह अपनी रिलीज़ से पहले के अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी है। फैंस को एक रोमांचक अपडेट देते हुए, अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर डबिंग स्टूडियो से एक झलक साझा की, जिसमें वह अपनी दमदार आवाज़ में एक संवाद बोलते नज़र आ रहे हैं. गौर से सुनो!! सूबेदार बोल रहे हैं सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित, सुबेदार एक भावनात्मक और प्रभावशाली ड्रामा फिल्म है, जो एक सम्मानित सैन्य अधिकारी के जीवन को दर्शाती है जो व्यक्तिगत क्षति के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहता है। यह फिल्म सम्मान, बलिदान और दृढ़ता की पृष्ठभूमि में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी बयां करती है जो राष्ट्र की पुकार और दिल की आवाज़ के बीच फंसा हुआ है। घोषणा के समय से ही सुबेदार ने दर्शकों की कल्पनाओं को आकर्षित किया है, जो अनिल कपूर को एक और रूपांतरणकारी किरदार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# जब आधी रात को मौनी रॉय के कमरे में घुसने की हुई कोशिश



**बॉलीवुड** अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपना एक डरावना अनुभव शेयर किया। अभिनेत्री ने बताया कि आधी रात को उनके होटल के कमरे में किसी ने घुसने की कोशिश की। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने हाल ही में अपने एक डरावने अनुभव के बारे में साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि एक अजनबी ने आधी रात को उनके होटल के कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की। इसके बाद जो हुआ उसे भी अभिनेत्री ने विस्तार से बताया। मौजूदा समय में वह अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं।

### चीखने लगीं अभिनेत्री

एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र किया। अभिनेत्री ने बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान साझा किया, 'मैं एक छोटे से शहर में थी, मुझे ठीक से याद नहीं है कि कौन सा शहर था, लेकिन वहां किसी ने एक चाबी चुरा ली और मेरे कमरे को खोलने की कोशिश की। शुक्र है, मैं अकेली नहीं थी। मैं अपने मैनेजर के साथ थी। जब हमें एहसास हुआ कि क्या हो रहा है, तो हम चीखने लगे।'

### आगे क्या हुआ?

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'फिर हमने रिसेप्शनिस्ट को कॉल करने की कोशिश की। उन्होंने सहजता से कहा कि यह हाउसकीपिंग होगी। मैंने उनसे पूछा हाउसकीपिंग में कौन बिना खटखटाए, बिना घंटी बजाए और वह भी रात के 12:30 बजे दरवाजा खोलने आ रहा है? अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने इस रवैये को गंभीरता से लिया और होटल मैनेजमेंट से सवाल किया।

# शहनाज गिल को चढ़ा पेंटिंग का शौक, रंगों के साथ खेलती आईं नजर



मशहूर एक्ट्रेस शहनाज गिल का चुलबुला अंदाज बेहद गजब है। उनका अपना अलग ही फैन बेस है। वह जो भी कुछ करती हैं, फैंस उन्हें जमकर सपोर्ट करते हैं। शहनाज को आपने एक्टिंग और सिंगिंग करते हुए देखा होगा, लेकिन इन दिनों उन्हें एक नया शौक चढ़ा है, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की है। दरअसल, शहनाज गिल को पेंटिंग करने का चस्का लगा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन पर पेंटिंग करते हुए कई फोटो का एक कोलाज शेयर किया। इन तस्वीरों में पेंटिंग के कलर्स नजर आ रहे हैं और एक्ट्रेस इन कलर्स के साथ खेलती भी दिखाई दे रही हैं। कभी वह कैमरे की ओर कलर दिखा रही हैं, तो कभी ब्रश के साथ पोज दे रही हैं।

उनकी इन फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। शहनाज गिल पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से काफी मशहूर हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का काफी शौक था। आज वह पंजाबी इंडस्ट्री की बड़ी स्टार हैं। उन्होंने काफी कम उम्र में ही मॉडलिंग करनी शुरू कर दी थी। वह कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं।

# संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर के लिए रात में यह खास काम कर रहे हैं रणबीर-आलिया, हैरानी की बात



निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी प्यार और एक्शन से भरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है लव एंड वॉर। इस फिल्म में आलिया भट्ट, विक्की कौशल और रणबीर कपूर नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर एक अपडेट सामने आया है, जो किसी को भी हैरान कर देगा।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में पहली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी दिखेगी। देरी की अफवाहों के बावजूद, फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होने के लिए ट्रैक पर है। वहीं फिल्म को लेकर अहम जानकारी आई है, जो खासतौर पर रणबीर और आलिया के फैंस को हैरान कर देगी।

रणबीर और आलिया इन दिनों में गोरेगांव की फिल्म सिटी में सुबह के 6 बजे से देर रात तक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रणबीर और आलिया कुछ दुखी सींस की शूटिंग कर रहे हैं, जिनमें लंबे मोनोलॉग भी शामिल होंगे। भंसाली रात के माहौल में इन सींस को पोएट्री अंदाज में फिल्माना रहे हैं। टीम जल्द ही रात की शूटिंग खत्म कर लेगी। इसके बाद बाकी की बची शूटिंग घर के अंदर के सींस की होगी।

# हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है: कृष्णा श्रॉफ

**कृष्णा** ने बताया, हम एमएमए मैट्रिक्स के साथ कुछ खास बनाना चाहते थे, एक ऐसी जगह जो आम जिम के अनुभव से कहीं बढ़कर हो। हमारा लक्ष्य है कि भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं को लाना है, साथ ही व्यक्तिगत स्पर्श भी बनाए रखना है। जब आप हमारे स्पेस में प्रवेश करते हैं, तो आपको तुरंत ही अंतर महसूस होता है। यह सहायक, समावेशी वातावरण है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोग भी शामिल हैं। एमएमए मैट्रिक्स की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी सोच है। इसके कार्यक्रम और सुविधाएँ इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि विभिन्न बैकग्राउंड और ज़रूरतों वाले लोग जुड़ सकें। इसके प्रशिक्षक पुनर्वास-केंद्रित ट्रेनिंग में भी निपुण हैं, जिससे वे उन लोगों की मदद कर पाते हैं जो सामान्य जिम के अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। व्यक्तिगत सहायता के साथ श्रेष्ठ-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को जोड़कर, एमएमए मैट्रिक्स भारत में हर किसी के लिए फिटनेस को सुलभ और सार्थक बनाने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, कई व्यावसायिक जिमों के विपरीत, हमने ऐसा माहौल बनाया है जो व्यवसाय से ज़्यादा समुदाय जैसा लगता है। शुरू से ही हमारा लक्ष्य यही था- अपने लोगों को उच्चतम गुणवत्ता वाला फिटनेस वातावरण प्रदान करना जहाँ वे प्रेरित, समर्थित और सम्मानित महसूस करें। यह सिर्फ़ उपकरणों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जहाँ हर कोई अपनी फिटनेस यात्रा में आगे बढ़ सके। संस्थापकों ने समझा कि बढ़िया उपकरण ही काफ़ी नहीं हैं - स्थायी फिटनेस आदतों के लिए सही भावनात्मक और मानसिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।




**कृष्णा श्रॉफ वास्तव में एक सच्ची फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति उनकी लगन बेमिसाल है। कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ द्वारा स्थापित स्क्रू मैट्रिक्स, भारत में फिटनेस के प्रति नजरिए को बदल रहा है। यह ब्रांड देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस सेंटर्स की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत मुंबई में एक प्रमुख जिम से हुई थी और अब यह पूरे देश में चौदह फ्रेंचाइज़ी तक फैल चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग उनकी विशिष्ट ट्रेनिंग और वेलनेस शैली को कितना पसंद करते हैं। मैट्रिक्स का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन उपकरण और ऐसी प्लेस प्रदान करना है जहाँ लोग वास्तव में प्रेरित होकर व्यायाम कर सकें, और यह भारत में सही दिशा में विस्तार कर रहा है।**

## बॉलीवुड की हालत पर सीमा पाहवा ने किया कटाक्ष, बोलीं- बहुत जल्द छोड़ दूंगी इंडस्ट्री...

हाल ही में अभिनेत्री सीमा पाहवा ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है। ड्रीम गर्ल 2 और बरेली की बर्फी जैसी फिल्मो में अपनी शानदार भूमिका के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री सीमा भार्गव पाहवा ने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार रखे हैं। अभिनेत्री ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इंडस्ट्री पर अब व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है।

### मुख्य भूमिका को लेकर उठाए सवाल



हाल ही में सीमा भार्गव पाहवा बॉलीवुड ठिकाना के इंटरव्यू में शामिल हुईं। वहां अभिनेत्री ने बातचीत में कहा, 'मेरे मन में एक सवाल उठता है कि शायद मैं अच्छी हूं, लेकिन इतनी अच्छी नहीं कि कोई मुझे मुख्य भूमिका में लेकर फिल्म बनाए। ये एक शिकायत है, लेकिन फिर मुझे लगता है कि शायद मेरी कुछ सीमाएं हैं, जिसकी वजह से मुझे मुख्य भूमिका में नहीं लिया गया।' इसके आगे अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर पहुंच गईं हैं, जिस कारण उन्हें जल्द ही इंडस्ट्री को अलविदा कहना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बताया, इस समय इंडस्ट्री की हालत बहुत खराब है, जहां क्रिएटिव लोगों की कदर नहीं हो रही है और इंडस्ट्री को व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। वे अपनी व्यावसायिक मानसिकता के साथ इंडस्ट्री को चलाना चाहते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि जिन्होंने इंडस्ट्री में इतने सालों तक काम किया है, वह अब इस तरह से काम कर सकता है।

### लवली लोला के पहले सीजन का समापन

# गौहर और ईशा हुईं भावुक



गौहर खान और ईशा मालवीय स्टारर रोमांटिक कॉमेडी शो लवली लोला का पहला सीजन सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। फैंस अब इसके अगले सीजन की डिमांड कर रहे हैं। शो में ईशा लवली चड्ढा और गौहर लोला चावला के किरदार में नजर आईं। शो में अपने काम करने के एक्सपीरियंस पर बात करते हुए ईशा ने कहा, लवली का किरदार निभाना मेरे लिए बदलाव लाने वाला सफर रहा, जो एक तेज-तर्रार, जुनूनी और बहुत भावुक लड़की का किरदार था। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ऐसी भूमिका निभाने का मौका मिला। वहीं गौहर खान ने कहा, लोला का किरदार मेरे करियर के सबसे यादगार किरदारों में से एक है। ताकत से भरपूर, मस्तीभरा अंदाज और भावुक पक्ष ने लोला के किरदार को मजेदार बना दिया, जो दर्शकों के सीधे दिल से जुड़ा।

इस शो का निर्माण सरगुन मेहता और रवि दुबे के बैनर ड्रीमियाता ड्रामा के तहत किया गया। इस शो का प्रीमियर 25 दिसंबर, 2024 को यूट्यूब पर हुआ। शो को दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली। निर्माता सरगुन मेहता और रवि दुबे ने शो की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। सरगुन ने कहा, हमें पता था कि यह कहानी दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। यह सिर्फ प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों की जटिलताओं और पीढ़ियों के बीच समझ को उजागर करने के बारे में भी है। रवि ने कहा, लवली लोला के साथ, हम कुछ नया बनाना चाहते थे। दर्शकों से जो प्यार मिल रहा है, वह यह दिखाता है कि दिल से जुड़ी हुई कहानियां आज भी लोगों को छूती हैं। शो की कहानी की बात करें, तो यह मां-बेटी के रिश्तों की कहानी है। इसमें बेटी लवली एक जुनूनी, जज्बाती और तेज मिजाज लड़की है। वह अपने सपनों के लिए लड़ती है। उसने अपनी जिंदगी में कभी भी हार नहीं मानी। वहीं लोला एक मजबूत और हंसमुख महिला है, लेकिन अंदर से बहुत संवेदनशील है। दोनों के बीच छोटे-मोटे झगड़े होते रहते हैं, लेकिन कभी-कभी दोनों बहनों जैसा रिश्ता भी साझा करती हैं।

साभार एजेंसी

आईपीएल 2025

# एमआई के पास 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर फिर से वर्चस्व कायम करने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस की दमदार वापसी एक बड़ी हाइलाइट है। इस सीजन में एमआई की शुरुआत लगातार दो हार के साथ हुई थी। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अपना खाता खोला। इसके बाद उन्हें फिर से लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। पांच मैच में सिर्फ एक जीत के बाद एमआई के प्रदर्शन को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं। लेकिन अब लगातार पांच मैच जीतकर पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस फिर से दहाड़ रहे हैं।

हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने शुरुआती पांच मैचों के बाद जिस तरह से वापसी की है, वह काबिले तारीफ है। मुंबई इंडियंस को हालिया जीत रविवार को मिली, जब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हरा दिया। मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी। एमआई की लगातार पांच जीत के बाद जो आंकड़े निकलकर आते हैं, वे बड़े ही दिलचस्प हैं। एमआई का एक ही सीजन में लगातार छह जीत का रिकॉर्ड सीजन 2008 में आया था। लेकिन तब यह टीम न तो खिताब जीत पाई थी और न ही प्लेऑफ में ही पहुंच पाई थी। लेकिन, इसके बाद एमआई ने पांच ऐसे सीजन खेले हैं जहां उन्होंने लगातार पांच जीत दर्ज की और हर बार फाइनल में एंट्री दर्ज की।

इन पांचों सीजन में उन्होंने कमाल किया और चार बार खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया। सिर्फ एक ही बार एमआई की टीम 2010 के सीजन में रनर-अप रहकर खिताब नहीं जीत पाई थी। इसके बाद 2013, 2015, 2017 और 2020 ऐसे सीजन थे जहां एमआई ने लगातार पांच जीत दर्ज की और खिताब भी अपने नाम किया। अब सीजन 2025 में भी लगातार पांच जीत के बाद एमआई अंक तालिका में टॉप-4 में पहुंच चुकी है। रोहित शर्मा का बल्ला भी रन बना रहा है।

गेंदबाजी में बुमराह की फॉर्म देखकर लग रहा है कि वह अपनी अच्छी फिटनेस के साथ अपनी लय हासिल कर चुके हैं। ऐसे में अगर आंकड़े कुछ बयां करते हैं तो वह यही है कि एमआई मौजूदा सीजन में भी धमाल करने के लिए तैयार है। आंकड़े एमआई को फाइनल में एक बार फिर एंट्री दिलाते नजर आते हैं। हालांकि, एमआई को अभी और निरंतरता की जरूरत होगी, क्योंकि उनका यह प्रदर्शन तब आया है जब उनके सामने अभी लीग स्टेज में चार और मैच खेलने बाकी हैं। फिलहाल प्लेऑफ में जाने वाली टीमों के बीच तगड़ी टक्कर है।

एमआई इस समय तीसरे पायदान पर मौजूद है और उसके 12 अंक हैं। टॉप पर मौजूद आरसीबी टीम के 10 मैचों में 14 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद जीटी 8 मैचों में ही 12 अंक हासिल कर चुकी है। चौथे स्थान पर मौजूद दिल्ली कैपिटल्स 9 मैचों में 12 अंक हासिल कर चुकी है। यानी, मुंबई इंडियंस के पास न तो आत्ममुग्धता का समय है और न ही वे रिलैक्स हो सकते हैं। उनको टॉप-4 में बने रहने के लिए बाकी चार मैचों में भी पूरा दमखम झोंकना होगा। आदर्श तौर पर एमआई की नजरें टॉप-2 स्थान पर होंगी, जिसके लिए उनको लगातार जीत का सिलसिला बनाए रखना होगा ऐसा होता है तो वह न केवल खिताब की रेस में बहुत आगे हो जाएंगे, बल्कि 2008 के सीजन में बनाया लगातार जीत का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे।

# ऋषभ पंत पर BCCI ने लगाया 24 लाख का जुर्माना, टीम पर भी लगाया फाइन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को मिली हार के बाद एक और झटका लगा है. कप्तान ऋषभ पंत और लखनऊ के सभी प्लेयर्स पर बीसीसीआई ने जुर्माना लगाया है. इस मैच में 216 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ 161 रनों पर ढेर हो गई थी और मुंबई ने 54 रनों से मैच जीत लिया था. लखनऊ सुपर जायंट्स टीम पर ये जुर्माना स्लो ओवर रेट के कारण लगाया है. ये इस सीजन लखनऊ का दूसरा उल्लंघन है, जिसके कारण पंत पर भारी जुर्माना लगा है और अन्य खिलाड़ियों को भी नुकसान हुआ है. दरअसल पहली बार ऐसा होने पर सिर्फ कप्तान पर जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर कप्तान के साथ खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगता है.

आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच 45 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी.

चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा.

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी का खराब फॉर्म जारी

ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर हैं, उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रूपये में खरीदा था. कप्तान बनाने के साथ टीम को उम्मीद थी कि उनकी टीम अच्छा करेगी. टीम का प्रदर्शन तो बहुत बुरा नहीं है लेकिन कप्तान ने अभी तक निराश किया है. रविवार को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. ऋषभ पंत ने 10 मैचों में सिर्फ 110 रन बनाए हैं, जबकि सिर्फ एक पारी में उन्होंने 63 रन बनाए थे. लखनऊ की ये 10 मैचों में 5वीं हार है. 10 अंकों के साथ टीम छठे स्थान पर है. अब बचे हुए 4 मैच लखनऊ के लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं.

आईपीएल

# विराट कोहली नहीं, पीयूष चावला ने इस खिलाड़ी को दिया आरसीबी की जीत का श्रेय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स द्वारा उनके शीर्ष क्रम को झकझोरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ऐसी स्थिति में एंकर की भूमिका निभाने के लिए किसी की जरूरत थी जिसे बल्लेबाजी के उस्ताद विराट कोहली ने जिस तरह से अर्धशतक लगाकर निभाया। हालांकि उन्होंने कोहली के साथ ही जीत का श्रेय क्रुणाल पांड्या को भी दिया जिन्होंने स्पिन को अच्छे से खेला जबकि कोहली को मुश्किल हो रही थी।

आरसीबी के 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दिल्ली ने वापसी की और मेहमान टीम को 26/3 पर रोक दिया। आरसीबी की बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी थी, और क्रुणाल पांड्या और विराट ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करे। विराट और क्रुणाल ने 119 रनों की शानदार साझेदारी करके बेंगलुरु को तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया और रॉयल चैलेंजर्स को मुश्किल दौर से सुरक्षित निकाला।

साझेदारी के दौरान विराट ने स्ट्रोक रोटेशन पर बहुत अधिक भरोसा किया और अपनी नजरें बाउंड्री रोप पर टिकाए रखीं। कोहली 51(47) रन बनाकर डगआउट लौटे, उन्होंने गेंद को इनसाइड-आउट शॉट से भेजने की कोशिश की, लेकिन बाउंड्री रोप को पार नहीं कर सके। दुष्मंथा चमीरा की लेंथ डिलीवरी, जो ऑफ के बाहर थी, ने काम कर दिया, मिशेल स्टार्क ने शांतचित्त होकर कैच पूरा किया और विराट को आउट किया। चावला ने विराट की पारी के महत्व को रेखांकित किया, भले ही यह मौजूदा टी20 मानक को पूरा नहीं करती थी। उन्होंने कहा, विराट ने अपने 50 रन कैसे भी बनाए हों, महत्वपूर्ण बात यह है कि अंक तालिका में वे दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जाएं। आरसीबी को पारी को संभालने के लिए कोई चाहिए था, स्कोर इतना बड़ा नहीं था।

खासकर तीन विकेट खोने के बाद, आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जो एक छोर से बहुत ज़्यादा विकेट न खो दे, ताकि दूसरे आपके इर्द-गिर्द घूम सकें। विराट ने बिल्कुल यही किया है। वे 51 रन भुवी के स्लॉग ओवरों जितने ही महत्वपूर्ण थे। विराट 160-170 रनों का पीछा करने के लिए बहुत बढ़िया गणना करते हैं और टीम को पीछा करने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म देते हैं। कोहली ने एक छोर से विकेट संभाले रखा, वहीं क्रुणाल ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर बेंगलुरु की छह विकेट की शानदार जीत के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड होने के कारण सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने दिल्ली के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी के जाल में उलझाकर रोका, अनुभवी फॉफ डु प्लेसिस का विकेट लिया और 1/28 के आंकड़े के साथ समाप्त किया। बल्ले से उन्होंने बेड़ियां तोड़ीं, अपनी बाहें खोलीं और 47 गेंदों पर 73* रन बनाकर मनोरंजक प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, क्रुणाल ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिनरों को अच्छी तरह खेलते हैं और इसलिए वे मध्य चरण में अधिक खतरनाक हो जाते हैं। बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल विकेट था - यहां तक कि विराट ने भी कहा कि यह एक मुश्किल सतह थी.

# एशियाई योगासन में भारत ने 83 स्वर्ण पदक जीते

● पाकिस्तान में होने वाले इस टूर्नामेंट से हटा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते।

एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते। भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक समेत इस चैंपियनशिप में कुल 87 पदक अपने नाम किए। जापान तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। मंगोलिया, ओमान, नेपाल शीर्ष पांच में रहे। चैंपियनशिप में कुल 21 देशों ने शिरकत की, जिसमें उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, कजाखस्तान भी शामिल हैं।

इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप से हटा भारत

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले माह इस्लामाबाद में होने वाली मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक शहीद हुए थे, जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी को रद्द कर दिया है।

भारत की जगह अब अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें को हिस्सा लेना है।

# केएल राहुल भारतीय टी-20 टीम में वापसी के हकदार: केविन पीटरसन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर केविन पीटरसन ने अपनी टीम के स्टार और बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल को लेकर बड़ा दावा किया है।

उन्होंने राहुल के हालिया फॉर्म का हवाला देते हुए कहा कि वह भारतीय टी20 टीम में वापसी के हकदार हैं। अंग्रेज दिग्गज ने यह भी सलाह दी कि विकेटकीपर-बल्लेबाज के लिए चार नंबर सबसे बेस्ट है। दरअसल, राहुल पिछले कुछ समय से ञ्ज-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में राहुल बेहतर नहीं कर पा रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर भी सवाल उठे हैं। हालांकि, आईपीएल के इस सीजन में राहुल काफी बेहतर फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह अभी तक कुल 8 मैच खेले हैं। उन्होंने 146.18 स्ट्राइक रेट और 60.67 के औसत से कुल 364 रन बनाए हैं।

केविन पीटरसन ने कहा कि मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए केएल राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ओपनिंग करने के कई सारे बल्लेबाज हैं, लेकिन राहुल जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए मेरी पहली पसंद होंगे।

# विजय माल्या ने आरसीबी की सफलता का पीटा ढिंढोरा, विराट कोहली का नाम तक नहीं लिया!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपनी पिछली हार का बदला ले लिया. इसके साथ ही पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया. टीम के स्टार बल्लेबाज इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम कर लिया है. इसके अलावा तेज गेंदबाज जॉस हेजलवुड ने इस सीजन में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पर कैप अपने नाम कर लिया है. टीम की इस शानदार उपलब्धि पर आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है. बता दें कि विजय माल्या विभिन्न बैंकों से 9000 करोड़ का लोन लिया था. वह इसे बिना चुकाए ही साल 2016 में देश छोड़कर चले गए थे. तब से आरसीबी ने उनसे नाता तोड़ लिया था.

### दिल्ली के खिलाफ जीत पर माल्या ने दी बधाई

आईपीएल 2025 के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया. इस जीत से आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या बहुत खुश हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर सिर्फ 36 शब्दों में आरसीबी की टीम को बधाई दी है. माल्या ने अपने बधाई में विराट कोहली या किसी खिलाड़ी का खास तौर पर नाम नहीं लिया.

सर्दिनिया विश्व शतरंज:

# भारत के लियॉन की जीत से शुरुआत इटली के बेट्टाली नें किया उलटफेर

**सर्दिनिया, इटली, एजेंसी।** आज से शुरू हुए सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल में भारत के ग्रांड मास्टर और दूसरे वरीय लियॉन मेन्दोंसा नें इज़राइल के सिट्बोन इताय और को नोय एयल को पराजित करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है और लगातार दो जीत के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है अब तीसरे राउंड में उनका सामना भारतीय मूल के खिलाड़ी कनाडा के राजा पंजवानी से होगा .

वही दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर किया इटली के 28वें वरीय खिलाड़ी बेट्टाली फ्रांचीसको नें जिन्होने पिहकले साल के विजेता और टॉप सीड डेनियल धारधा को पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया । डेनियल के खिलाफ काले मोहोरो से खेलते हुए बेट्टाल्ली नें अपने जीवन का एक सर्वश्रेस्ठ प्रदर्शन करते हुए सिसिलन रोजोलिमों ओपनिंग में एक मात्र 37 चालों में शानदार जीत दर्ज की ।



वहीं तीसरे वरीय ग्रांड मास्टर भारत के एसएल नारायनन जिन्हे पहले राउंड में जर्मनी के सिदने पंजर नें ड्रॉ खेलने पर विवश कर दिया था उन्होने दूसरे राउंड में वापसी करते हुए हमवतन प्रणव रविकुमार को पराजित किया और अब अगले राउंड में उनका सामना नीदरलैंड के वान डेर लेनदे से होगा। 50 हजार यूरो पुरूस्कार वाली इस प्रतियोगिता में 25 देशो के करीब 200 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

# फुटबॉल: लिवरपूल ने 20वीं बार प्रीमियर लीग का खिताब जीता, मैनचेस्टर सिटी एफए कप के फाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** इस जीत से लीवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की। डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किये गोल से पिछड़ने के बावजूद लीवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया।

लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी।

डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए। इस जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची। टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिये थे , जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।



### नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर मैनचेस्टर सिटी एफए कप फाइनल में

कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। सिटी की टीम को यह सफलता उसी दिन मिली जब वह आधिकारिक तौर पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी। इससे प्रशंसकों को निराशाजनक सत्र के बीच खुशी मनाने का कुछ मौका मिल गया।

रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाये लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। सिटी की टीम इससे पहले चैंपियंस लीग में भी अंतिम 16 चरण में पहुंचने में नाकाम रही थी। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।

# पीएम मोदी महाराष्ट्र, केरल और आंध्र करेंगे में मेगा परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

## -मुंबई में 'वेव्स 2025' सम्मेलन का उद्घाटन, केरल में विझिनजाम पोर्ट राष्ट्र को समर्पित, आंध्र में 58,000 करोड़ की विकास परियोजनाएं शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 1 मई को मुंबई जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे केरल जाएंगे और 2 मई को सुबह करीब 10:30 बजे विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी आंध्र प्रदेश जाएंगे और दोपहर करीब 3:30 बजे अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस दौरान वे सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे।

**मुंबई में 'वेव्स 2025' का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी**

महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में भारत के अपनी तरह के पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्स 2025' का उद्घाटन करेंगे। "कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज" टैगलाइन के साथ चार दिवसीय शिखर सम्मेलन दुनिया भर के क्रिएटर्स, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री के रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का लाभ उठाकर एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के दृष्टिकोण के अनुरूप WAVES फिल्मों, OTT, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, AI, AVGC-XR, प्रसारण और उभरती हुई तकनीक को एकीकृत करेगा, जिससे यह भारत के मीडिया और मनोरंजन कौशल का एक व्यापक प्रदर्शन बन जाएगा। WAVES का लक्ष्य 2029 तक 50 बिलियन डॉलर का बाजार खोलना है, जिससे वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति बढ़ेगी।

**वेव्स 2025 में 90 से ज्यादा देशों की होगी भागीदारी**

इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी क्रिएटोस्फीयर का दौरा करेंगे और लगभग एक साल पहले शुरू की गई 32 क्रिएट इन इंडिया चुनौतियों में से चुने गए क्रिएटर्स से बातचीत करेंगे, जिसके लिए एक लाख से ज़्यादा पंजीकरण हुए थे। वे भारत पैवेलियन का भी दौरा करेंगे। वेव्स 2025 में 90 से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी, जिसमें 10,000 से ज्यादा प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर, 300 से ज्यादा कंपनियां और 350 से ज्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में 42 पूर्ण सत्र, 39 ब्रेकआउट सत्र और प्रसारण, इन्फोटेनमेंट, AVGC-XR, फिल्म और डिजिटल मीडिया सहित विविध क्षेत्रों में 32 मास्टर क्लास शामिल होंगे।

**यह भारत का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह**

बताना चाहेंगे, केरल में 8,900 करोड़ रुपये की लागत वाला विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है जो विकसित भारत के एकीकृत दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में भारत के समुद्री क्षेत्र में किए जा रहे परिवर्तनकारी विकास का प्रतिनिधित्व करता है। रणनीतिक महत्व वाले विझिनजाम बंदरगाह को एक प्रमुख प्राथमिकता वाली परियोजना के रूप में पहचाना गया है, जो वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करने, रसद दक्षता को बढ़ाने और कार्गो ट्रांसशिपमेंट के लिए विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता को कम करने में योगदान देगा। लगभग 20 मीटर की इसकी प्राकृतिक गहराई और दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक के पास स्थित होने से वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।



वहीं प्रधानमंत्री अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। देश भर में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्गों के विभिन्न खंडों का चौड़ीकरण, रोड ओवर ब्रिज और सबवे का निर्माण आदि शामिल हैं। ये परियोजनाएं सड़क सुरक्षा को और बढ़ाएंगी, रोजगार के अवसर पैदा करेंगी, तिरुपति, श्रीकालहस्ती, मालाकोंडा और उदयगिरी किले जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।

**कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश में कई सड़क और रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे पीएम**

प्रधानमंत्री राष्ट्र को रेलवे परियोजनाएं भी समर्पित करेंगे जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी और क्षमता को बढ़ाना है। इन परियोजनाओं में बुग्गनपल्ले सीमेंट नगर और पन्यम स्टेशनों के बीच रेल लाइन का दोहरीकरण, कनेक्टिविटी को बढ़ाना व रायलसीमा और अमरावती के बीच रेल लाइन का निर्माण और न्यू वेस्ट ब्लॉक हट केबिन और विजयवाड़ा स्टेशनों के बीच तीसरी रेल लाइन का निर्माण भी शामिल है। प्रधानमंत्री 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और एक रेलवे परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्गों के विभिन्न खंडों का चौड़ीकरण; एलिवेटेड कॉरिडोर, हाफ क्लोवर लीफ और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी, अंतर-राज्यीय यात्रा में सुधार, भीड़भाड़ को कम करने और समग्र रसद दक्षता में सुधार करेंगी। गुंटकल पश्चिम और मल्लप्पा गेट स्टेशनों के बीच रेल ओवर रेल का निर्माण मालगाड़ियों को बायपास करने और गुंटकल जंक्शन पर भीड़भाड़ को कम करने का लक्ष्य रखता है।

**प्रधानमंत्री कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे**

प्रधानमंत्री कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे जिनमें विधान सभा, उच्च न्यायालय, सचिवालय, अन्य प्रशासनिक भवन और 5,200 से अधिक परिवारों के लिए आवास भवन शामिल हैं, जिनकी लागत 11,240 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर और बाढ़ शमन परियोजनाएं भी शामिल होंगी, जिसमें भूमिगत उपयोगिताओं और उन्नत बाढ़ प्रबंधन प्रणालियों के साथ 320 किलोमीटर का विश्व स्तरीय परिवहन नेटवर्क शामिल है, जिसकी लागत 17,400 करोड़ रुपये से अधिक है। लैंड पूलिंग स्कीम इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में राजधानी अमरावती में 20,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 1,281 किलोमीटर सड़कें शामिल होंगी, जो सेंट्रल मीडियन, साइकिल ट्रैक और एकीकृत उपयोगिताओं से सुसज्जित होंगी।

**पीएम मोदी आंध्र प्रदेश में मिसाइल टेस्ट रेंज की आधारशिला भी रखेंगे**

प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के नागयालंका में लगभग 1,460 करोड़ रुपये की लागत वाली मिसाइल टेस्ट रेंज की आधारशिला भी रखेंगे। इसमें एक लॉन्च सेंटर, तकनीकी उपकरण सुविधाएं, स्वदेशी रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम शामिल होंगे, जो देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम के मधुरवाड़ा में पीएम एकता मॉल की आधारशिला रखेंगे। इसे राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने, मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने, एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने, ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों की बाजार में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से परिकल्पित किया गया है।

# गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक संपन्न

## -सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक

शब्बीर हुसैन

अहमदाबाद, (रॉयल पत्रिका)। इंजीनियर इंसाफ आज़ाद एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय संयोजक एवं सदस्य, अनुशासनात्मक समिति, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली एवं इंचार्ज – गुजरात के निजी सचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 2025 को राजीव गांधी भवन, अहमदाबाद में एक विशाल एवं भव्य बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता तथा गुजरात प्रभारी इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद ने की ।

बैठक की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। इस अवसर पर गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।



इस बैठक को गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष वजीर खान पठान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के वाइस चेयरमैन व हिमाचल प्रदेश प्रभारी शाहनवाज शेख सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

अपने महत्वपूर्ण संबोधन में इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद ने बताया कि गुजरात में शीघ्र ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का एक बड़ा अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने जानकारी दी कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सभी जिला अध्यक्षों की एक विशेष बैठक नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी भवन में आयोजित होगी, जिसमें इमरान प्रतापगढ़ी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग एवं सांसद, राज्यसभा), श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (कांग्रेस अध्यक्ष) तथा राहुल गांधी की गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी।

इंजीनियर आज़ाद ने यह भी घोषणा की कि वे शीघ्र ही गुजरात के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने हेतु कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करेंगे ।

यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रही तथा इससे आगामी रणनीतियों को लेकर स्पष्ट दिशा प्राप्त हुई ।

# मदद फाउंडेशन की लड़कियों ने मिलकर मनाया डॉ. मीनाक्षी सेठी जैदी का जन्मदिन

## -सिलाई कोर्स की छात्राओं को मिले सर्टिफिकेट

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मदद फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. मीनाक्षी सेठी जैदी का जन्मदिन इस बार खास अंदाज़ में मनाया गया। फाउंडेशन से जुड़ी सभी महिलाएं और लड़कियां एक साथ जुटीं और इस मौके को ख़ुशियों और सम्मान के जश्न में बदल दिया। जन्मदिन कार्यक्रम के साथ ही सिलाई प्रशिक्षण के तीन बैच की छात्राओं को सर्टिफिकेट भी बांटे गए। इन लड़कियों ने हाल ही में सिलाई का कोर्स पूरा किया है। सर्टिफिकेट पाकर लड़कियों के चेहरे खिल उठे। छात्राओं ने कहा कि डॉ. मीनाक्षी सिर्फ़ एक सामाजिक कार्यकर्ता या संस्था प्रमुख नहीं हैं वो एक मार्गदर्शक और उम्मीद की किरण हैं एवं वो वजह हैं जिसकी बदौलत दर्जनों



लड़कियां हर दिन कुछ नया करने और अपने पैरों पर खड़े होने का सपना देख रही हैं। उन्होंने हमें न सिर्फ़ हुनर सिखाया, बल्कि हौसला भी दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने मिलकर केक काटा, एक-दूसरे के साथ अपनी खुशियाँ साझा कीं और डॉ. मीनाक्षी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं।

# हरियाणा को मिलेगा 8500 क्यूसेक पानी

## BBMB का फैसला, पंजाब में AAP के विधायक-मंत्री बीजेपी नेताओं के घरों दफ्तरों का करेंगे घेराव



फाइल (रॉयल पत्रिका)। पंजाब-हरियाणा में चल रहे विवाद के बीच भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (BBMB) ने फैसला लिया है कि हरियाणा को भाखड़ा डैम से तुरंत प्रभाव से 8500 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। बुधवार को 5 घंटे तक चली बोर्ड की मीटिंग में यह फैसला हुआ।

हालांकि, पंजाब सरकार के अधिकारियों ने इसका सख्त विरोध किया। यह मीटिंग केंद्रीय बिजली मंत्रालय के आदेश पर हुई थी, जिसके मंत्री हरियाणा के पूर्व CM मनोहर लाल खट्टर हैं। इसकी अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने की। वहीं, आम आदमी ने आज पूरे राज्य में बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इस दौरान वह पंजाब के हिस्से का पानी छोड़े जाने का विरोध करेंगे।भाजपा नेताओं के घरों और दफ्तर का घेराव किया जाएगा। हर जिले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता, मंत्री, सांसद और विधायक प्रदर्शन करेंगे।

**वोट का इस्तेमाल किया**

BBMB के चंडीगढ़ मुख्यालय में हुई मीटिंग में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और सिंध के कमिश्नर के साथ भारत सरकार के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने हरियाणा को कम पानी देने के लिए पंजाब के खिलाफ वोट का इस्तेमाल किया। जबकि, हिमाचल ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। वहीं, पंजाब सरकार ने फैसले को मानने से इनकार कर दिया। हालांकि, भाजपा शासित राज्य एकजुट नजर आए।

**पंजाब ने साइन करने से मना कर दिया**

सूत्रों के अनुसार, जब पंजाब सरकार के अधिकारी मीटिंग में काफी आक्रामक थे, तब हरियाणा ने पंजाब को तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त पानी देने की बात कही। इससे पंजाब सरकार के प्रतिनिधि तल्खी में आ गए। उन्होंने साइन करने से मना कर दिया। जबकि, दूसरा मौका तब आया जब भाखड़ा के अधिकारियों ने कहा कि पंजाब के विरोध के बाद भी वह पानी छोड़ेंगे।

**पंजाब बोला- हरियाणा के लिए 1700 क्यूसिक पानी ही काफी**


बोर्ड ने तर्क दिया कि स्पेशल केस के आधार पर हरियाणा को पानी देने के लिए रेगुलेशन मैनुअल अनुसार चलने की कोई जरूरत नहीं है। पंजाब सरकार ने इस पर सहमति देने से इनकार कर दिया। यह भी बात सामने आई कि रेगुलेशन मैनुअल संशोधन के लिए 3 मेंबरी तकनीकी कमेटी बना ली जाए। पंजाब सरकार ने इसे भी सहमति देने से इनकार कर दिया। पंजाब सरकार ने कहा कि अगर मानवता के आधार पर हरियाणा को पानी देने की जरूरत है, तो आबादी के हिसाब से हरियाणा को 1700 क्यूसेक पानी ही चाहिए।

**दो दिनों से गर्माया हुआ है विवाद**

बता दें कि पंजाब और हरियाणा में पानी का विवाद 2 दिन से चल रहा है। पंजाब का कहना है कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर चुका है। अब उनके पास हरियाणा को देने के लिए पानी की एक भी अतिरिक्त बूंद नहीं है। जबकि, हरियाणा दलील दे रहा है कि पंजाब उनके पानी में कटौती कर रहा है। दोनों पक्ष के CM इस मामले में खुलकर आ गए हैं।

**मामला केंद्र सरकार के पास पहुंचा।** केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने तो यहां तक कह दिया था कि पंजाब राजधर्म नहीं निभा रहा है। BBMB पर किसी को दबाव नहीं बनाने दिया जाएगा। इसके बाद पंजाब CM भगवंत मान ने हरियाणा CM को पत्र लिखा था कि उनके पास देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

# मई में 4 दिन ज्यादा लू चलेगी



फाइल (रॉयल पत्रिका)। मई में भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। IMD के डायरेक्ट मृत्युंजय महापात्र के मुताबिक राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में लू के दिनों की संख्या सामान्य से चार दिन ज्यादा रहने का अनुमान है।

उधर राजस्थान के बाड़मेर में गर्मी ने अप्रैल का 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां बुधवार को दिन का तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले 29 अप्रैल 2014 को 46.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था।

मध्य प्रदेश में मई महीने में तेज गर्मी पड़ने का ट्रेंड है। पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो राजस्थान और उत्तरप्रदेश बॉर्डर से जुड़े जिलों में तापमान 48 डिग्री के पार पहुंच चुका है। इस बार भी ऐसी ही गर्मी पड़ सकती है।

देश में अप्रैल में 72 हीटवेव दिन दर्ज किए गए। राजस्थान और गुजरात में 6 से 11 दिन और पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में 4 से 6 दिन तक लू चली। आमतौर पर यहां दो से तीन दिन हीटवेव के होते हैं।

भारत के लिए साल 2024 सबसे ज्यादा गर्म सालों में से एक रहा था। बीते साल देश में 554 दिन हीट वेव का असर रहा था। साल में 365 दिन होते हैं, लेकिन हीट वेव के लिए इन्हें गिनने का अलग तरीका है। मान लीजिए किसी महीने दिल्ली में 10 दिन, राजस्थान में 15 दिन, UP में 12 दिन और बिहार में 8 दिन हीट वेव रही, तो हीट वेव डे 45 (10+15+12+8) माने जाएंगे।

यानी उस महीने इन चार राज्यों में हीट वेव की कुल घटनाएं 45 हैं, न कि एक महीने में 45 दिन हीट वेव रही। ऐसे ही 2024 में 554 हीट वेव डे से मतलब देश में हीट वेव की कुल घटनाओं से है, न कि कैलेंडर के दिनों से।

# नगर निगम सफाईकर्मी गोपाली देवी को भावभीनी विदाई

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम की कर्मठ सफाईकर्मी गोपाली देवी को सेवानिवृत्ति के अवसर पर मदीना नगर विस्तार, खो नागोरियान स्थित पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद ज़ाकिर के निवास पर एक सम्मान समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वार्ड 114 के निगमकर्मियों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने उनके वर्षों के समर्पण और मेहनत को सलाम किया। अपनी सेवा के दौरान गोपाली देवी ने वार्ड 114 में 4 वर्ष 6 माह तक सफाई व्यवस्था को जिम्मेदारी से संभाला। वह उन चुपचाप काम करने वाले लोगों में से थीं जो हर दिन शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बिना किसी दिखावे के जुटे रहते हैं।



पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद ज़ाकिर ने कहा कि यह सिर्फ़ एक विदाई नहीं, बल्कि समर्पण, ईमानदारी और सेवा भावना को दी गई श्रद्धांजलि है। गोपाली जी भले ही अब कार्यमुक्त हो रही हैं, लेकिन उनकी सेवा हमारे दिलों में हमेशा याद रखी जाएगी। इस मौके पर उन्हें शाल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर वाला स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद रानी लुबना, निगमकर्मी, गोपाली देवी के परिजन और वार्ड के अनेक लोग मौजूद रहे।

# पाकिस्तान ने ISI चीफ असीम मलिक को NSA बनाया

फाइल (रॉयल पत्रिका)। पहलगाम हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने ISI चीफ लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) बनाया है।

यह अपॉइंटमेंट 29 अप्रैल को हुई थी, लेकिन मीडिया में नोटिफिकेशन 30 अप्रैल को आधी रात जारी किया गया। असीम मलिक को सितंबर 2024 में ISI चीफ बनाया गया था।

अप्रैल 2022 में मोईद यूसुफ के बाद से पाकिस्तान में कोई NSA नहीं था। इस अपॉइंटमेंट के बाद असीम मलिक के पास अब दो जिम्मेदारियां (ISI चीफ और NSA) होंगी।

इससे पहले 30 अप्रैल को भारत सरकार ने NSA बोर्ड (NSAB) का नए सिरे से गठन किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW, रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया चेयरमैन बनाया गया। भारत सरकार के फैसले के बाद, अब NSAB में 6 सदस्य भी होंगे। इनमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के पूर्व अफसर हैं।



साथ ही पूर्व डिप्लोमैट और पूर्व IPS अफसर को भी इसमें शामिल किया गया है।

यह फैसला पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी (CCS) की बैठक में हुआ। NSAB राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को इनपुट देगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,